सुविचार

आदमी जिन्दगी में उतना ही, बड़ा कर सकता है, जितना बड़ा वह सोच सकता है !

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम – निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 1 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 29 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

इंस्टाग्राम पर लाहौर के युवक से हुई थी दोस्ती

## बॉयफ्रेंड से मिलने पाकिस्तान जा रही थी राजस्थान की लड़की, जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ी गई

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर, भारत से पाक गई अलवर की अंजू के बाद राजस्थान में एक और ऐसा ही मामला शुक्रवार को सामने आया। सीकर के श्रीमाधोपुर की रहने वाली 17 साल की नाबालिग अपने प्रेमी से मिलने पाकिस्तान जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। एयरपोर्ट पर CISF के जवानों ने उसे कस्टडी में ले लिया। नाबालिग को CISF जवानों ने एयरपोर्ट पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में पता चला कि लड़की लाहौर में अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि दोपहर में 2 बजे एक लड़की दो लड़कों के साथ एयरपोर्ट पहुंची। जहां उसने पाकिस्तान का टिकट मांगा। एयरपोर्ट स्टाफ ने पहले मजाक समझा, लेकिन उसके बाद लड़की ने उन्हें बताया कि वह पाकिस्तानी है। अपनी बुआ के साथ तीन साल पहले भारत आई थी। वह सीकर के श्रीमाधोपुर में रह रही थी। कुछ दिन पहले उसका बुआ से झगड़ा हो गया। इसके बाद वह शुक्रवार सुबह बस से जयपुर पहुंच गई।

### बस में मिले दो लड़के, एयरपोर्ट छोड़ने आ गए

लड़की के साथ मौजूद दोनों लड़कों ने पूछताछ में बताया कि लड़की जिस बस में थी, वह भी उसी बस में बैठे थे। बस में उनकी लड़की से बात हुई। वह उसे छोड़ने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच गए। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि लड़की ने पहले बताया कि वह लाहौर के पास इस्लामाबाद की रहने वाली है। इसके बाद महिला केंद्र से भी महिलाओं को बुलाकर लड़की से पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि लड़की सीकर के श्रीमाधोपुर की रहने वाली है। करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती लाहौर के युवक असलम लाहोरी से हुई थी। लड़की ने बताया कि मेरे स्कूल की दूसरी लड़कियों से भी असलम की दोस्ती है। असलम ने ही लड़की को झांसा दिया और सिखाया कि एयरपोर्ट पर जाकर उसे क्या बोलना है। लड़की का मोबाइल सीज कर लिया गया है। लड़की के मोबाइल को चेक किया जाएगा। लड़की के घरवालों को सूचना दे दी गई है। वे लोग भी लड़की के डॉक्यूमेंट लेकर जयपुर पहुंच रहे हैं। उन्हे भी पता नहीं है कि उनकी लड़की किसी लड़के से मिलने के लिए पाकिस्तान जा रही थी।

### पुलिस बोली- हनीट्रेप का मामला लगता है

पुलिस का कहना है कि यह हनीट्रेप का मामला लगता है। लड़की का आरोपी ने ब्रेन वॉश किया था। लड़की ने पूछताछ में बताया है कि उसकी अन्य दोस्त भी इंस्टाग्राम पर असलम लाहौरी के साथ बातें करती हैं। ऐसे में पुलिस लड़की के मोबाइल फोन से असलम का इंस्टाग्राम अकाउंट चैक कर रही हैं। पता किया जा रहा है कि वह भारत की कितनी लड़कियों के संपर्क में था।

### 250 रुपए लेकर एयरपोर्ट पहुंची

एटीएस और आईबी के सीनियर अधिकारी भी एयरपोर्ट थाने पहुंचे। उन्होंने भी लड़की से पूछताछ की। लड़की के पास पुलिस को 250 रुपए मिले हैं। वहीं, सीकर एसपी करण शर्मा ने बताया- लड़की ने नांगल नाथूसर गांव का जिक्र किया है, लेकिन जब स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की तो गांव के लोगों ने बताया- उन्हें उसके बारे में जानकारी नहीं है।

## लाल डायरी पर पायलट बोले- बीजेपी के पास मुद्दा नहीं

### कहा- चुनाव से पहले इस तरह की बातें फैलाना BJP की पुरानी आदत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर/टोंक।** लाल डायरी पर मचे सियासी बवाल पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। चुनाव से पहले इस तरह की बातें फैलाना और चर्चा करना बीजेपी की पुरानी आदत रही है। केंद्र में बीजेपी सरकार में है। वहां भी विफल हो रही है। राजस्थान में विपक्ष में है, यहां भी विफल हो रही है। अजीब पार्टी है, जो सत्ता और विपक्ष दोनों में फेल हो रही हैं। पायलट टोंक दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने कहा- साढ़े चार साल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इनके नेता आपसी झगड़ों में फंसे हुए हैं।

साढ़े चार साल में सदन और सदन के बाहर बीजेपी राजस्थान में जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकी। आने वाले विधानसभा चुनावों में राजस्थान सहित चारों राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाने में कामयाब होगी। पायलट ने कहा- केंद्र में पिछले 9 साल से बीजेपी सरकार काबिज है। सत्ता के धमंड में चूर होकर बीजेपी ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है। इन 9 साल में सरकारी एजेंसियों का जमकर दुरूपयोग किया है। महंगाई बढ़ाने, भाई को भाई से लड़ाने, रोजगार खत्म करने, किसानों की बदहाली का काम बीजेपी ने शासन के दौरान किया है। हमें भाजपा की बातों में नहीं आना है। अपने भाईचारे को कायम रखना है। विपक्षी गठबंधन के नाम पर भी बीजेपी को आपत्ति हो रही है।

### कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें

पायलट ने कहा- कांग्रेस पार्टी छत्तीस कौमों की पार्टी है। पार्टी की रीढ़ की हड्डी कार्यकर्ता है। निकट समय में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हमें सबको साथ लेकर एकजुटता के साथ चुनावों में जाना है। देश को तोड़ने वाली ताकतों को करारा जवाब देना है। कार्यकताओं को अभी से एकजुटता के साथ काम करके आने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों में पार्टी को जितवाने के लिए फील्ड में जुटने की आवश्यकता है।

### पीएम ने राजस्थान के लंबित मुद्दों पर बात नहीं की

पायलट ने कहा- प्रधानमंत्री राजस्थान आए तो हमें उम्मीद थी कि एफ्छढ पर बात करेंगे। उस पर बात नहीं की। प्रदेश के मुद्दों पर बात नहीं की। हमारे टैक्स का हिस्सा, केंद्र पूरा नहीं दे रहा है। योजनाओं को लेकर जिस तरह केंद्र पक्षपात कर रहा है। उस पर कई बार मुद्दा उठा चुके हैं।

चुनाव आते हैं तो प्रधानमंत्री राजस्थान आकर राजनीतिक मुद्दों पर ही बात करते हैं। विकास से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते। राजस्थान के लंबित मुद्दों के समाधान की बात तक नहीं करते।

### मणिपुर पर मौन क्यों हैं प्रधानमंत्री ?

पायलट ने कहा- मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने जिस तरह मौन व्रत धारण किया है, वह चिंताजनक है। हमारा एक राज्य तीन महीने से हिंसा की आग में जल रहा है।एक राज्य जहां पर सरकार नाम की चीज नहीं बची। आपस में लोग लड़ रहे हैं, रेप हो रहे हैं, आग लग रही है। बीजेपी की टॉप लीडरशिप मणिपुर पर चर्चा तक नहीं कर रही। मणिपुर को लेकर हम चिंतित हैं।

## RU में पेट्रोल की बोतल लेकर कुलपति सचिवालय पहुंचे छात्र

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही सियासी घमासान भी शुरू हो गया है। शुक्रवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के HOD से परेशान होकर छात्र ने खुद पर पेट्रोल डाल सुसाइड की कोशिश करने लगा। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश पर मामला शांत करवाया। हालांकि इस पूरे विवाद पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है।दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में छात्रों के सेमेस्टर एग्जाम चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को होने वाली परीक्षा में तकरीबन 15 छात्रों के एडमिट कार्ड रोक दिए गए। जिसके विरोध में एक छात्र ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह की चेतावनी दी। इस दौरान कुलपति सचिवालय में छात्र ने खुद पर पेट्रोल डाला और माचिस दिखाते हुए एग्जाम देने की अनुमति मांगते हुए विभाग के ल्डऊ ओम महला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारी छात्र धनराज चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। कई छात्रों के एडमिट कार्ड रोक रखे हैं।

## जयपुर में महिला सहायक टैक्स कमिश्नर ने ली रिश्वत, गिरफ्तार

### *खाते-ऑफिस सीज करने की धमकी देकर लिए थे 6.10 लाख रुपए*

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने झालाना स्थित कर विभाग में शुक्रवार शाम बड़ी कार्रवाई की। कर विभाग की सहायक कमिश्नर प्रियंका शर्मा को 6.10 लाख रुपए की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान कैमरा देख प्रियंका शर्मा अपना चेहरा छिपाकर बैठी रही। आरोपी महिला अधिकारी ने फर्म संचालक के खाते-ऑफिस को सीज करने की धमकी देकर रिश्वत मांगी थी।

ACB टीम ने फर्म संचालक से रिश्वत के रुपए लेने वाले दलाल रिश्तेदार को भी अरेस्ट किया है। फिलहाल रिश्वत मामले में गिरफ्तार की गई सहायक कमिश्नर प्रियंका शर्मा और दलाल रिश्तेदार वेदप्रकाश शर्मा



से पूछताछ की जा रही है। अउइ टीम दोनों के घर और ऑफिस पर सर्च कर रही है। सर्च में प्रियंका के ऑफिस से 15 लाख रुपए अलग से भी बरामद किए गए हैं।

ADG हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- प्रियंका शर्मा सहायक वाणिज्य कर आयुक्त के पद पर तैनात है। झोटवाड़ा के सत्यनगर में रहती है। वहीं, दलाल वेदप्रकाश शर्मा कालवाड़ रोड पर तिरुपति फ्लैट्स में रहता है। हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- पीड़ित ने एसीबी को शिकायत दी थी। 6 जुलाई को उसकी फर्म के सर्वे के लिए कर विभाग की टीम गई थी। टीम का नेतृत्व सहायक कमिश्नर प्रियंका शर्मा कर रही थी। फर्म के सर्वे के दौरान उसके खाते-ऑफिस को सीज करने की प्रियंका ने धमकी दी। सीज कार्रवाई से बचने के लिए 28 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई। बार-बार रिश्वत के लिए धमकाने पर 13.50 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। इसमें 7.28 लाख रुपए टैक्स की रकम भी शामिल थी। रिश्वत की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने ACB में प्रियंका शर्मा की शिकायत दी।


## भाजपा: जेपी नड्डा आज आएंगे जयपुर

**जयपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को जयपुर आ रहे है। नड्डा सुबह 10 बजे जयपुर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे बीजेपी कार्यालय आएंगे। वे दिनभर बीजेपी कार्यालय में बैठकें लेंगे। इसके बाद शाम को दिल्ली लौट जाएंगे। नड्डा अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पूरे समय बीजेपी कार्यालय में ही रहेंगे। इस दौरान वे कोर कमेटी, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के साथ-साथ वरिष्ठ नेताओं से अकेले में भी चर्चा कर सकते हैं। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर नड्डा की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में विधानसभा चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा होगी।

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी

# जादूगर ने किया जादू : 'जादूगर' के 'जादू' के रंग में रम गए बसपा से कांग्रेस में आए विधायक

### राजेंद्र सिंह गुढ़ा पड़ गए अकेले, बाकी 5 विधायकों की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ यह फोटो बयां कर रही है : 'हम गहलोत के साथ-साथ हैं'



सितारा न्यूज नेटवर्क

राजनीतिक संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में दूसरे "गांधी" के नाम से मशहूर अशोक गहलोत राजनीति के बहुत ही चतुर और कुशल खिलाड़ी माने जाते हैं, अपने लंबे राजनीतिक जीवन में गहलोत ने कई बार अपने बुद्धि कौशल से हारी हुई बाजी को जीत कर दिखाया और चाहे अपनी ही पार्टी के प्रतिद्वंदी नेता हो या फिर विरोधी दल के नेता हो, उन्हें उन्हीं की उन्हीं की चाल में उलझा कर मात दी, होनी को अनहोनी किया अनहोनी को होनी भी किया तभी उन्हें राजनीति में बड़े "जादूगर" की "उपाधि"भी मिली हुई है, मुख्यमंत्री आवास से विगत गुरुवार को आई यह ताजा फोटो जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और बसपा से कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए 6 विधायकों में से पांच विधायकों के मुस्कुराते हुए चेहरे साफ बयां कर रहे हैं कि वे अशोक गहलोत के साथ दिल और दिमाग से जुड़े हुए हैं, उन्हें अभी गहलोत से कोई भी जुदा नहीं कर सकता, फोटो में गहलोत का मुस्कुराता हुआ चेहरा साफ बयां कर रहा है कि उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अफसोस और मलाल नहीं है कि फोटो में राजेंद्र सिंह गुढ़ा बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों के साथ नहीं हैं, इस फोटो को साधारण तस्वीर नहीं माना जा सकता क्योंकि यह वही विधायक हैं जिनके बूते पर वर्ष 2020 में गहलोत सरकार के अस्तित्व पर आया संकट टल गया था हालांकि उस समय राजेंद्र सिंह गुड्डा गहलोत के साथ थे, उस समय राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी थी कि जोगिंदर सिंह अवाना और राजेंद्र सिंह गुड्डा इन दोनों विधायकों ने ही अपने साथ विधायकों को गहलोत के साथ जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई, बाद में गहलोत ने भी सार्वजनिक सभाओं और कांग्रेस पार्टी के विभिन्न मंचों पर खुलकर कहा कि बसपा और निर्दलीय विधायकों के सपोर्ट की वजह से ही उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सुरक्षित रही अन्यथा विरोधी दलों के नेताओं ने कर्नाटक और मध्य प्रदेश की तरह राजस्थान में भी सरकार को गिराने की पूरी प्लानिंग कांग्रेस पार्टी के ही कुछ चंद विधायकों के साथ मिलकर तैयार कर ली थी लेकिन उस समय बसपा से कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए विधायकों ने गहलोत के नेतृत्व में अपना पूरा विश्वास और भरोसा जताया तथा दिल और दिमाग से पूरी तरह से अशोक गहलोत के साथ खड़े रहे, हालांकि अब बसपा के 6 विधायकों में से राजेंद्र सिंह गुड़ा की राहें अलग हो गई है लेकिन बाकी के 5 विधायक जोगिंदर सिंह अवाना, लाखन सिंह मीणा, दीपचंद खेरिया, वाजिद अली और संदीप यादव इन सब ने न केवल गहलोत के नेतृत्व में अपना भरोसा और विश्वास जताया है बल्कि इस फोटो से तो यह जाहिर हो गया है कि बसपा के यह सभी पांचों विधायक कांग्रेस पार्टी में गहलोत के नेतृत्व में ही लंबी पारी खेलने की तैयारी में है।

### गुरुवार को सीएम हाउस में आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में मंच पर जोगिंदर सिंह अवाना फ्रंट लाइन में बैठे नजर आए



गुरुवार सीएम हाउस में आयोजित इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में मंच पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ फ्रंट लाइन में स्थापित कुर्सियों में जोगिंदर सिंह अवाना भी बैठे हुए नजर आए, हालांकि देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष होने के नाते अवाना को राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है इसलिए मंच पर फ्रंट लाइन में जोगिंदर सिंह अवाना का बैठना कोई ताज्जुब का विषय नहीं है लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि विगत कुछ सालों में गहलोत और अवाना के बीच बहुत ही मजबूत राजनीतिक रिश्ते कायम हुए हैं, एक तरफ गहलोत अवाना पर आंख मूंदकर र्यविश्वास करते हैं तो दूसरी तरफ अवाना भी कई बार पत्रकारों से कह चुके हैं कि उन्होंने अब तक राजनीति में अशोक गहलोत जैसा जननायक नेता नहीं देखा इसलिए वे गहलोत की पर्सनैलिटी से जबरदस्त प्रभावित हैं, इन दोनों नेताओं के बीच लगातार मजबूत होते जा रहे राजनीतिक रिश्ते इस बात का साफ संकेत है कि आने वाले दिनों में अवाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रमुख सलाहकार और सबसे ज्यादा भरोसेमंद नेता बनने वाले हैं ' वैसे अवाना खुद इंटेलिजेंट और हाईप्रोफाइल पढ़ाई पढ़े हुए राजनेता हैं और जिस तरह से उन्होंने नदबई में भाजपा की कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री कृष्णेंद्र कौर दीपा को हराया और उसके बाद विगत 5 सालों में नदबई विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ विकास काम करवाए उसके बाद प्रदेश की राजनीति में यहां तक कि कांग्रेस पार्टी में भी गहलोत और अवाना के मजबूत राजनीतिक रिश्तो के चर्चे खूब सुनने को मिलते भी हैं, बसपा के ही पूर्व मंत्री और विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा खुद यह मानते थे कि जोगिंदर सिंह अवाना ही अशोक गहलोत के सबसे करीबी और नजदीकी नेता है इसलिए अवाना अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए जो भी डिमांड करते हैं उनकी डिमांड पूरी हो जाती है।

### अशोक गहलोत की पर्सनलिटी के कायल क्यों हैं बसपा से कांग्रेस में आए विधायक ?

हालांकि इस सच्चाई को गलत नहीं बताया जा सकता कि जब 2020 में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार को बचाने के परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजेंद्र सिंह गुड़ा को मंत्रिमंडल में शामिल किया फिर जोगेंद्र सिंह अवाना को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष, लाखन सिंह मीणा को डांग विकास बोर्ड का अध्यक्ष तथा दीपचंद खेरिया को किसान आयोग का उपाध्यक्ष बनाया, के अलावा विधायक वाजिद अली और संदीप यादव ने जब जब अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों के लिए सरकार से रिमांड की उन सब मांगों को पूरा किया इसलिए प्रदेश सरकार के कामों को लेकर बसपा से कांग्रेस में आए सभी विधायकों ने कभी भी किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की लेकिन इन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि राजेंद्र सिंह गुड़ा के अलावा बाकी के बचे पांचों विधायक अशोक गहलोत के व्यक्तित्व, व्यवहार और उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से काफी प्रभावित हैं इसलिए यह सभी विधायक अशोक गहलोत के नेतृत्व में ही अपने खुद के पॉलिटिकल केरियर को कांग्रेस पार्टी में चमकाने को ज्यादा अच्छा मानते हैं इसीलिए यह सभी विधायक दिल और दिमाग के साथ अशोक गहलोत का पूरा सपोर्ट कर रहे हैं।

### गहलोत का हाल-चाल जानने के साथ-साथ उनके प्रति निष्ठा जताने गए थे बसपा से कांग्रेस में आए विधायक

पांव में फैक्चर होने की वजह से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विगत कुछ दिनों से मुख्यमंत्री आवास पर ही उपचार करवा रहे हैं, गहलोत अभी व्हीलचेयर के सहारे ही हैं इसलिए फोटो में नजर आ रहे जोगिंदर सिंह अवाना, लाखन सिंह मीणा, दीपचंद खेरिया, संदीप यादव और वाजिद अली गहलोत का हाल-चाल जानने के लिए मुख्यमंत्री आवास पर गए थे लेकिन मिली जानकारी के अनुसार इन सभी विधायकों ने गहलोत को मुलाकात के दौरान भरोसा भी दिलाया कि वे उनके नेतृत्व में पूरा विश्वास रखते हैं, भले ही राजेंद्र सिंह गुढ़ा सरकार से दूर हो गए हो लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में वह सिर्फ अशोक गहलोत को ही ज्यादा लाइक करते हैं, इन सभी विधायकों से मिले प्यार और विश्वास को देखकर गहलोत के चेहरे पर भी मुस्कुराहट छा गई और उन्होंने इन सभी विधायकों के साथ मिलकर एक सामूहिक फोटो खिंचाई और बाद में यह फोटो मुख्यमंत्री आवास से निकलकर "गरीबों का सितारा" कार्यालय तक पहुंची, अगर कोई इस फोटो को साधारण फोटो समझे तो यह उसकी भूल होगी क्योंकि राजस्थान की राजनीति में जिस तरह से उठा पटक चल रही है और तमाम राजनीतिक पार्टी के कई नेता आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर पार्टियां भी बदल रहे हैं लेकिन इन सबके बीच बार-बार पार्टियां बदलने को लेकर चर्चा में रहने वाले बसपा से कांग्रेस पार्टी में आए विधायक अगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में ही भरोसा और विश्वास रखते हैं तो यह मानना पड़ेगा कि अशोक गहलोत वास्तव में राजनीति के बहुत बड़े जादूगर हैं और इस जादू के रंग में उन्होंने बसपा से कांग्रेस पार्टी में आए विधायकों को भी अपने रंग में रंग लिया है।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

# अपना शहर

गरीबों का सितारा

जयपुर

शनिवार, 29 जुलाई, 2023



पूर्वानुमान> 28°

| | शनि | सोम | मंगल | रवि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

मिलेगा रोजगार...

# 'राजस्थान आवासन मंडल' की सीधी भर्ती को लेकर आवेदकों में जबरदस्त उत्साह

**आवासन आयुक्त ने कहा : अभ्यर्थी तैयारी पर ध्यान दें पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी परीक्षा**

### 10 दिनों में आए 6 हजार से ज्यादा आवेदन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल में लगभग 30 सालों बाद होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा के प्रति अभ्यर्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले 10 दिनों में विभिन्न पदों के लिए 6 हजार से ज्यादा आवेदकों ने पंजीकरण करवाया है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल में विभिन्न 258 पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा-2023 पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। आवेदक अपनी पढ़ाई और तैयारी पर ध्यान दें। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई तक सहायक प्रोग्रामर के लिए कुल 243, परियोजना अभियंता कनिष्ठ के लिए 543, परियोजना अभियंता सिविल के लिए 1154, सूचना सहायक के लिए 465, कनिष्ठ लेखाकार के लिए 1463, कनिष्ठ प्रारूपकार के लिए 26, वरिष्ठ प्रारूपकार के लिए 46, परियोजना अभियंता विद्युत के लिए 343, कनिष्ठ सहायक के लिए 1308 और कनिष्ठ विधि अधिकारी के लिए 599 आवेदकों ने आवेदन किया है।

राजस्थान आवासन मण्डल

इस तरह प्रदेश भर से कुल 6190 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अरोड़ा ने कहा कि सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।



### कड़ी निगरानी में होगी परीक्षा

आयुक्त अरोड़ा ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो की परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम पर कड़ी और पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मुस्तैद और सजग रहेगी।

### 18 अगस्त रात 12 बजे तक कर सकते हैं आवेदन

मंडल आयुक्त अरोड़ा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया 19 जुलाई से प्रारंभ हो गई थी। आवेदक 18 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक rhbexam.in वेबपोर्टल या आवासन मण्डल की वेबसाइट urban.rajasthan.gov.in/rhb के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना के लिए हैल्पलाइन (प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक) 9363322818/0141-2740064 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। गौरतलब है पिछले दिनों अब तक 100 से अधिक लोग ने हेल्पलाइन के जरिए भी परीक्षा से जुड़ी सूचना और जानकारी प्राप्त कर चुके हैं।

## पंचाग

दिनांक:-29जुलाई 2023 शनिवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 13:04:44 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | ज्येष्ठा | 23:33:33 |
| योग | ब्रह्म | 09:32:29 |
| करण | विष्टि भद्र | 13:04:44 |
| करण | बव | 23:54:24 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | 23:33:33 |
| चन्द्र राशि | धनु | 23:33:33 |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:50:42 |
| सूर्यास्त | 19:15:42 | |
| चंद्रोदय | 16:13:42 | |
| चंद्रास्त | 26:38:22 | |
| राहू काल | 09:12 - 10:53 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 07:31 - 09:12 | शुभ |
| चर | 12:33 - 14:14 | शुभ |
| लाभ | 14:14 - 15:54 | शुभ |
| अमृत | 15:54 - 17:35 | शुभ |



**विशेष जानकारी**
एकादशी व्रत:-आज
प्रदोष व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

**चुनाव अधिकारी जय कुमार शर्मा की देखरेख में चुनाव हुए सम्पन्न**

## टेंट गार्डन इवेंट लाईट एसोसिएशन के चुनाव संपन्न,सर्वसम्मति से सीताराम सैनी बने अध्यक्ष

*एसोसिएशन के सदस्यों ने अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारियों व सदस्यों का माला पहना कर किया स्वागत*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । शहर के रेनवाल रोड स्थित शीश महल गार्डन में शुक्रवार को टेंट गार्डन इवेंट लाईट (टीजीईएल) एसोसिएशन तहसील चौमूं के चुनाव एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी जयकुमार शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुए । जिसमें एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सीताराम सैनी के नाम पर सहमति बनाकर सीताराम सैनी को अध्यक्ष बनाया गया ।एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सीताराम सैनी ने अध्यक्ष बनने के साथ ही चुनाव अधिकारी की देखरेख में अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए कार्यकारिणी सदस्यों के नामों की घोषणा की । जिसमें उपाध्यक्ष-गुलाबचंद लाम्बा, बंशीधर डागर व ओमप्रकाश शर्मा, महामंत्री-बाबूलाल सैनी, संयुक्तमंत्री सत्यनारायण, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल,प्रचार मंत्री सोहनलाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुन लाल सोलेट श्रीराम सोनी, कालूराम, ,सत्यनारायण, नंदकिशोर सैनी, जगदीश प्रसाद शर्मा, रामप्रकाश सैनी, सांवरमल,रामचंद्र सैनी, मुकेश कुमावत व मुकेश कुमार जांगिड़ को बनाया गया ।सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न होने पर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के अध्यक्ष व नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सदस्यों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया ।





## यूनिवर्स स्कूल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

**ऋतिका राठौड़ ने कहा कि पेड़ों के बिना मानव जीवन अधूरा**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** वृक्ष जीवन-प्रदान करने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते है जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असम्भव है। इसी महत्व की जानकारी हेतु यूनिवर्स पब्लिक सी. सेकेंडरी. स्कूल मीनावाला जयपुर में वृक्षारोपण दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लिखा गया यह स्लोगन सभी को आकर्षक लगा- कल्पना कीजिए कि अगर पेड़ वाईफाई सिगनल देते तो हम कितने सारे पेड़ लगाते शायद हम अपने ग्रह को बचाते' कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पेड़-पौधों से सम्बन्धित संस्कृतिक कार्यक्रम, कविता, आकर्षक नाटिका, मूकाभिनय सन्देश संवाद, भाषण एवं प्रकृति के लिए सामूहिक सहभागिता का सन्देश प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब जयपुर के माननीय सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता उजास चन्द जैन ने की इसके अलावा क्लब सचिव पियूष जैन, इन्ट्रेक्ट चैयरमेन किशन शर्मा, एस. के. टॉक, मॉसेस फिलेमान, महेन्द्र शर्मा, नवीन जैन, संस्था निदेशक ऋतिका राठौड़ तथा प्राचार्या राखी निर्वाण मौजूद रहे। अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि पेड-पौधों के महत्व के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जानी चाहिए। इन सत्रों में शिक्षकों को वृक्षरोपण के महत्व पर जोर देना चाहिए और छात्रो को समझना चाहिए कि वे अच्छे के लिए पर्यावरण को बदलने में कैसे मदद कर सकते है। संस्था निदेशक ऋतिका राठौड एवं प्रचार्या राखी निर्वाण ने सभी आगन्तुकों का कार्यक्रम में आने और बच्चों का प्रकृति के प्रति हौसला बढ़ाने को लेकर आभार प्रकट किया।






## अनूठी आस्था : 18 माह से कर रहे कनक दंडवत, 342 किमी दंडवत कर पहुंचे रींगस

*विश्व शांति व भाईचारे को लेकर कर रहे पेट पलायन यात्रा*



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के फाल्गुनी मेलें में भांति-भांति के लोग बाबा श्याम के दर पर शीश नवाने पहुंचते हैं जिनमें कोई निशान हाथों में लेकर तो कोई बाबा के जयकारों के साथ खाटू श्याम पहुंचते हैं इन दिनों रींगस से खाटू श्याम जी सड़क मार्ग पर धौलपुर निवासी संतोष अग्रवाल व उनके सहयात्री भूरा भाई बेमौसम ही बिना किसी निजी स्वार्थ के कनक दंडवत कर रहे हैं जो धौलपुर में कलियुगी बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। बाबा की पेट पलायन यात्रा पिछले 18 महीनों से मौन व्रत के साथ लगातार जारी है जो अपना मौन व्रत शीश के दानी के समक्ष जय श्री श्याम बोलकर तोड़ेंगे। कलयुगी बाबा संतोष अग्रवाल एक बार में पांच नारियल लेकर पांच दंडवत कर रहे हैं जबकि उनके सहयात्री भूरा भाई तीन नारियलों के साथ तीन दंडवत कर रहे हैं। यह अनूठी कनक दंडवत यात्रा 16 जनवरी 2022 को धौलपुर के श्याम बगीची से प्रारंभ हुई थी जो 557 दिन की पेट पलायन यात्रा के बाद बुधवार को रींगस पहुंची। जहां पर श्याम भक्त कमलेश कुमावत के नेतृत्व में कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। कमलेश कुमावत ने बताया कि कोरोना काल के बाद कलयुगी बाबा की यह तीसरी यात्रा है हर बार रींगस पहुंचने पर सेवा का मौका मिलता है। कलियुगी बाबा के सहयात्री भूरा भाई ने बताया कि बाबा द्वारा कनक दंडवत यात्रा विश्व शांति, महामारियों से बचाने व भाईचारा कायम रखने के लिए की जा रही है। कलियुगी बाबा के नाम से प्रसिद्ध संतोष अग्रवाल मौन व्रत धारण कर रखे हैं जो भक्तों से बातचीत के लिए डिजिटल स्लेट का इस्तेमाल करते हैं। श्याम रथ में अखंड ज्योत के साथ चल रही कलियुगी बाबा की यह अनूठी यात्रा 361 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद अगस्त माह में संपन्न होगी।

**कर्मचारियों ने आन्दोलन करने की दी चेतावनी**

# जलदाय कर्मचारियों के साथ हुआ बड़ा छलावा, अब करेंगे आंदोलन

*कार्यप्रभारित कर्मचारियों को नियमित कर पूर्व प्रचलित पदनाम नहीं देकर नये पदनाम कम वेतनमान के साथ देकर कर्मचारियों के साथ किया छलावा*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा 26 जुलाई 2023 को आदेश जारी कर कार्य प्रभारित कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश जारी किए गए हैं, राज्य सरकार द्वारा 17 फरवरी 1995 से विभिन्न पदों पर कार्यरत कार्यप्रभारित कर्मचारियों को नियमित पदो में शामिल करने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन उक्त आदेश में कई भ्रांति/ विसंगति सामने आ रही है । संघ के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया की पूर्व में जो कर्मचारी सहायक के पद पर कार्यरत थे उसे चयनित वेतनमान के आधार पर 9 वर्ष की सेवा पर पंप चालक द्वितीय, फिटरद्वितीय, विद्युतकार द्वितीय के पद की वेतन श्रंखला जो कि 950-1680 अथवा 3050-4590 थी और 18 वर्ष की सेवा पर 4000 - 6000 पंप चालक प्रथम, विद्युत कार प्रथम, फिटर प्रथम, का वेतनमान दिया जाता था जिसे और 27 वर्ष की सेवा पर 5000 - 8000 ग्रेड पे 3600 दी जाती थी। इसी प्रकार बेलदार/चौकीदार के पद पर कार्यरत कर्मचारी 9 वर्ष की सेवा पर सहायक के पद का वेतनमान जो कि 800 -1250 अथवा 2650-4000 था और 18 वर्ष की सेवा पर पंप चालकद्वितीय , फिटर द्वितीय, विद्युतकारदितीय का वेतनमान जोकि 950 -1680 अथवा 3050 -4590 था और 27 वर्ष की सेवा पर 4000 - 6000 ग्रेड पे 2800 थी । उक्त आदेश मे बेलदार /चौकीदार के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को नवीन पदनाम कार्य सहायक का दिया गया है और उसका पदोन्नति पद 9,18, 27 वर्ष की सेवा पर क्रमशः वरिष्ठ कार्य सहायक जिसका ग्रेड पे 1700 पे लेवल 1 है , हेड कार्य सहायक जिसका पे लेवल 2 है और ग्रेड पे 1750 है और तकनीशियन तृतीय जिसका ग्रेड पे 2000 और लेवल -4 है इससे स्पष्ट है कि जो बेलदार/ चौकीदार पूर्व मे 27 वर्ष की सेवा पर पूर्व में ग्रेड पे 2800 पे लेवल 8 पर जाता था वह इन आदेशों से लेवल 4 पर ही रहेगा। इसी प्रकार सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारी को हेड कार्य सहायक नया पदनाम दिया गया है जिसका ग्रेड पे 1750 लेवल-2 है उसे 9, 18, 27 वर्ष की सेवा पर क्रमशः तकनीशियन तृतीय, तकनीशियन द्वितीय, तकनीशियन प्रथम के पदों पर पदोन्नति की जाएगी। तकनीशियन तृतीय का ग्रेड पे 2000 लेवल 4 है तकनीशियन दितीय का ग्रेड पे 2400 लेवल 5 है और तकनीशियन प्रथम का ग्रेड पे 2400 लेवल 6 है *इससे स्पष्ट है कि जो सहायक पूर्व मे 27 वर्ष की सेवा पर ग्रेड पर 3600 ले रहा था जिसका पे लेवल 10 था वह ग्रेड पे 2400 पे लेवल 6 में आ जाएगा । इसी प्रकार स्टोरमुंशी जिसका वेतनमान 950-1680 अथवा 3050-4590 था उसे 9 वर्ष पर 4000-6000 ,18 वर्ष पर 5000-8000 ग्रेड पे 3600 , 27 वर्ष पर ग्रेड पे 4200 पे लेवल 11 था उक्त आदेश से नवीन पदनाम तकनीशियन द्वितीय 3050-4590 , 9 वर्ष पर तकनीशियन प्रथम 3200-4900 , 18 वर्ष पर सीनियर तकनीशियन 3400-5200 ,27 वर्ष पर हैड तकनीशियन 4000-6000 ग्रेड पे 2800 पे लेवल 8 हो जायेगा। जो पूर्व मे लेवल 11 पर था वो 8 पर आ जायेगा। अगर सरकार द्वारा नवीन आदेशों के हिसाब से कर्मचारियों का वेतनमान तय किया तो कर्मचारियों को वेतन मे भारी नुकसान होगा जबकि विभाग में पूर्व में सहायक कर्मचारी का पंप चालक द्वितीय के पद पर पदोन्नति होती थी पंप चालक द्वितीय की पम्प चालक प्रथम के पद पर और पंप चालक प्रथम से फोरमैन द्वितीय के पद पर पदोन्नति होती थी पंप चालक प्रथम का वेतनमान ग्रेड पे 2800 जबकि इसमें तकनीशियन प्रथम का ग्रेड पे 2400 ही रखा गया है इससे* काफी विसंगतियां उत्पन्न हो जाएगी।




### आदेशों में अभी संशय की स्थिति बरकरार : प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा

संघ के प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि उक्त आदेश में मीटर रीडर, कीमैन, एमआरटी, वाहन चालक, बागवान, असिस्टेंट ड्रिलर बोरिंग के पदों का विकल्प दिए हुए कर्मचारियों को तो नियमित पदों में शामिल ही नहीं किया गया है जबकि संघ द्वारा इस सम्बंध में माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार व अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग को ज्ञापन देकर उक्त पदों को भी शामिल करने व विभाग में पूर्व प्रचलित पदो जैसे पम्पचालक , फीटर, विधुतकार, मीटर रीडर, फोरमैन आदि पदों पर ही अन्य नियमित कर्मचारियों के समान ही पदौन्नति की मांग की गई थी। साथ ही इन आदेशों में सरकार द्वारा यह खुलासा भी नहीं किया गया है कि पूर्व में वेतन ले रहे कर्मचारियों का वेतन कम नहीं किया जाएगा इसलिए उक्त आदेशों में अभी संशय की स्थिति बरकरार है। लेकिन सरकार द्वारा नये पदनाम जिनका वेतनमान भी पूर्व समकक्ष पदो के वेतनमान से कम है देकर कार्यप्रभारित कर्मचारियों के साथ छलावा किया गया है। लेकिन सरकार द्वारा संघ द्वारा दिये गये सुझावों को नजरअंदाज कर अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए केवल नियमित पदों पर 1995 से नियमित घोषित किया गया है । और पूर्व के पदनाम व वेतनमान नही देकर कर्मचारियों के साथ धोखा किया गया है। संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को पुनः ज्ञापन देकर मांग की जावेगी की वह पूर्व पदों के हिसाब से ही कर्मचारियों की पदोन्नति करें अथवा नए पदों के वेतनमान को पूर्व पदों के वेतनमान के समकक्ष किया जावे अन्यथा संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## अखिल भारतीय रैगर महासभा की तहसील कार्यकारिणी का हुआ गठन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के रामदेव मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय रैगर महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष की रमेश चन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में तहसील रामगढ़ पचवारा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। जिसमें उपाध्यक्ष रामस्वरूप बारोलिया, उपाध्यक्ष रामधन सोनवाल ,महा सचिव राकेश कुमार डीगवाल,सचिव धर्मेन्द्र मोर्य,कोषाध्यक्ष बृजमोहन मोर्य,संगठन सचिव नवल किशार मोर्य,संगठन सचिव तेजाराम तोरगणिया,प्रचार सचिव चन्द्रमोहन बारोलिया,प्रचार सचिव हजारीलाल मोर्य, इसमें सदस्य भी बनाए गए। जिसमे टुण्डाराम सोनवाल,मनोज कुमार सोनवाल,सुरेश कुमार मोर्य, रमेश चन्द मोर्य,कमल डीगवाल,मुकेश कुमार रैगर,मोहनाल रैगर,रामप्रसाद तोणगरिया ,सुरेश मोर्य, पुनीराम मोर्य, हरकेश मोर्य, बनाए गए। इस दौरान अखिल भारतीय रैगर महासभा (युवा)जिला अध्यक्ष भोलाराम रैगर भी मौजूद रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### श्रीकोलायत में अतिवृष्टि से हुवे नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल मिला केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल से



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** कोलायत के कई गांवो में जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोलायत के प्रतिनिधि मंडल ने एडवोकेट अशोक प्रजापत और भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष कैलाश जाजड़ा के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल से उनके दिल्ली मंत्रालय में मुलाकात कर कोलायत के गोविंद्सर, बिठनोक, गड़ियाला,गिरिराजसार, मोटासर, सहित लगभग 15 गांव में हुए नुकसान का उचित मुवाजा दिलवाने और जिन लोगों के मकान पानी और बरसात की वजह से टूट गए हैं उनका प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए मकान बनाने पर चर्चा की । इस पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जिला कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों से टेलीफोन पर बात ग्राम वासियों की फसलों और संपत्ति के हुवे नुकसान का जायजा लेकर अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। तथा प्रतिनिधिमंडल को ग्राम वासियों की सहायता का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत गजनेर, भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष कैलाश जाजड़ा, पलाना मंडल अध्यक्ष सही सियाग, इंजी वासुदेव जाजड़ा, पार्षद रामदयाल पंचारिया,पंकज अग्रवाल, सहित श्याम मोदी,राजेश पंडित आदि लोग सामिल रहे।

### संपर्क साहित्य संस्थान में बही काव्य धारा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** संपर्क साहित्यिक संस्थान द्वारा अर्चना अना के निवास स्थान क्लब हाउस में लखनऊ से पधारी जानी मानी साहित्यकार निवेदिता श्री के सम्मान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर उनकी वंदना की गई ।अर्चना ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना गा कर सभी का दिल जीत लिया। तत्पश्चात रेनू शब्दमुखर ने संपर्क के दुपट्टे व अर्चना ने चूनड़ी व पुष्प गुच्छ द्वारा निवेदिता श्री का व सभी कवयित्रियों का अभिनंदन किया । इस मौके पर ज्ञानवती सक्सेना के मंच संचालन में कविता की सरल व सरस धारा बही। जिसमें सुशीला राणा ने दोहे सोचा था आकाश में, ऊँची भरे उड़ान। निवेदिता श्री ने मीठी मीठी बात से,मन लेती हो जीत,अर्चना सिंह अना ने पैरहन उतार दो उदासियों भरे,रेनू शब्दमुखर ने मुस्काता चेहरा,मधु झुनझुन वाला ने सिंदूरी सा मन रंगा,सुरंगी मेंहदी रचा , ज्ञानवती सक्सेना ने सावन के मनभावन गीत सुनाकर माहौल को खुशनुमा बनाया। अंत में रेनू शब्दमुखर ने सभी का आभार प्रकट किया।

### हरियाली डांसरोली अभियान के तहत सरकारी विद्यालय में किया पौधारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।** (विनोद धायल)हरियाली डांसरोली अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च प्राथमिक कन्या विद्यालय में पौधारोपण किया गया। सरपंच हनुमान प्रसाद झाझड़ा ने बताया की हरियाली डांसरोली अभियान के तहत ग्राम पंचायत के विभिन्न भागों में जाकर पौधारोपण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में पौधारोपण करके पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर सरपंच हनुमान प्रसाद जाजड़ा, प्रधानाचार्य दयाल कुमावत , प्रेम सिंह ,सुरेश वर्मा, महेश वर्मा,शारीरिक शिक्षक सुनील शर्मा, प्रधानाध्यापक विष्णु शर्मा, बन्नाराम सागर, सांवरमल रणवां सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### गहलोत के जंगल राज के खिलाफ ‘भाजपा का हल्ला बोल’

*भाजपा नेता देशराज खरेरा के नेतृत्व में प्रदर्शन*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** राजस्थान जैसे शांति प्रिय प्रदेश को जंगलराज की राजधानी बनाने वाली कांग्रेस सरकार के विरूद्ध भाजपा ने नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के





अंतर्गत आज भाजपा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता के साथ इस निकम्मी सरकार के खिलाफ एक स्वर में कड़ा विरोध प्रदर्शित किया एवं मिनी सचिवालय कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता देशराज खरेरा ने बताया कि, "गहलोत राज में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है, समाज का हर वर्ग इस नाकाम सरकार से परेशान एवं आक्रोशित है, राजस्थान की जनता 2023 के विधानसभा चुनाव में इस जनविरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प ठान चुकी है।

# राष्ट्रीय प्रतिनिधि व पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा और भाजपा युवा नेता जय आहूजा पहुँचे चौमा

## चौमा पहुँचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात, आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की करी मांग







### चोमा में तिलक लगाने को लेकर हुआ था विवाद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/अलवर।** श्री रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चोमा गांव में राजकीय विद्यालय में तिलक लगाने को लेकर मेव समाज के समाज कंटको द्वारा विद्यालय परिसर मे हिंदू युवक शुभम पुत्र मुकेश राजपूत के साथ की गई मारपीट को लेकर आज चोमा गांव पीड़ित से मिलने पहुंचे। पीड़ित और उसके परिजनों से मिलकर इनको जल्दी कठोर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया और मौके पर ही पुलिस अधिकारियों से बातचीत की गई । पीड़ित से मिलने के बाद राजकीय विद्यालय चौमा पहुंचकर विद्यालय के अध्यापकों से घटना को लेकर बातचीत की और कहा कि स्कूल परिसर में आकर मेव समाज के कंटको ने तिलक लगा कर आए छात्र से मारपीट की यह घटना घोर निंदनीय है प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर इस घटना को लेकर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा हिंदू समाज एकजुट होकर आंदोलन करेगा अगर इस मामले को लेकर कानूनी व्यवस्था खराब होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी और स्थानीय राजनितिज्ञ नेताओ के श्रेय पर हो रही इस तरह की घटिया हरकतों पर हम पूरी ताकत से लड़कर रोक लगाएंगे। राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा जी ने कहा कि इस तरह की घटना हम बर्दाश्त नहीं करेंगे और ऐसा करने वाले समाज कंटको को मुंहतोड़ जवाब देंगे। इस दौरान राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा , भाजपा युवा नेता जय आहूजा, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ,बगड़ तिराया मंडल अध्यक्ष सचिन पालीवाल , विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार नवल किशोर , श्रीचंद प्रजापत तहसील प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, पन्नी लाल सत्संग प्रमुख विश्व हिंदू परिषद रामगढ, गोरक्षक विभाग विश्व हिंदू परिषद दिनेश, प्रदीप शर्मा, दीपक सैनी, लवली, चयन सिंह, शिवम शर्मा, प्रशांत, शुभम भाटिया, हरिओम चौधरी उपस्थित रहे।

## भाजपा की मशाल रैली...

# दलितों पर अत्याचार में राजस्थान देश में नम्बर एक पर : भूतड़ा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** नहीं सहेगा राजस्थान एवं राज्य सरकार की विफलताओं दलितों पर अत्याचार महिलाओं से दुराचार युवाओं पर अत्याचार पेपर लीक बिजली फ्यूल सरचार्ज, चोरी डकैती लूटपाट आदि विषयों को लेकर राजस्थान में राज्य सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निदेशानुसार ब्यावर अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष देवी शंकर जी भूतड़ा के नेतृत्व में महात्मा गांधी सकिल चांग गेट से एक विशाल मशाल जुलूस के साथ मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गो से होते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नहीं सहेगा राजस्थान रैली का कार्यक्रम किया इस अवसर पर रैली को संबोधित करते हुए अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि यह सरकार व सरकार के जनप्रतिनिधि ही भक्षक बन गए है कल केकडी की घटना ने सरकार व सरकार के थानों की पोल खोल दी है अशोक गौतम ने आग लगाने से पहले अपने वीडियो सन्देश में मुख्यमंत्री से कहा की थानों के बाहर जो सलोगन लिखा है कि अपराधियों में भय व जनता में विश्वास इस को बदल कर नेताजी का भय व पैसों में विश्वास लिखा दो।यह बयान सरकार की पोल खोलता है कि विधायक के दबाव में उनके चाटुकारों से पीड़ित व्यक्ति की डेढ़ साल से राहत नही दी और आत्महत्या के लिये मजबूर कर दिया।

भूतड़ा ने कहा कि यह सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के साथ ही आमजन की रक्षा तक नही कर पा रही आज राजस्थान मे दलित उत्पीड़न के मामले में अब राजस्थान देश में पहले स्थान पर पहुंच गया। अजा, जजा वर्ग हमेशा कांग्रेस का वोट बैंक रहा लेकिन इन पर अत्याचार भी उन्हीं की सरकार में सबसे अधिक हो रहे है। हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़, मारपीट और अन्य उत्पीड़न की फरियाद लेकर प्रदेश में अनुसूचित जाति के करीब एक दर्जन लोग पुलिस थाने पहुंच रहे हैं। अनुसूचित जाति की राजस्थान में 1.22 करोड़ आबादी है। राज्य में दलित अत्याचार के विभिन्न परकण पुलिस थानों में दर्ज जब की ऐसे मामलो मे सजा की दर मे गिरावट आई है आज राजस्थान दलित अत्याचार मे देश मे नम्बर वन पर हे।इस अवसर पर अध्यक्ष महाराणा प्रताप नरेश मित्तल आशापुरा माता मंडल अध्यक्ष रामअवतार लाटा अजमेर देहात अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन गोयर ने संबोधित किया इस अवसर पर महामंत्री नवल मुरारका सत्येंद्र यादव संतोष जाग्रत मुकेश घावरी प्रमोद शर्मा उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा ब्रजकिशोर शर्मा जितेंद्र कांवरिया राकेश नरूका पप्पू यादव पार्षद रवि चौहान मुन्नी देवी गहलोत पिन्की कुमावत हेमंत चेन्देल शिव प्रकाश सामरिया वियिन गुजराती हेमन्त तुनगरिया सज्जन सिंह चौहान दिलीप शर्मा ललित असवां राज जांगिड़ विजय दगदी इत्यादि कार्यकर्ता थे।

### एनआरसीसी निदेशक डॉ.साहू को अनुसंधान एवं विकास कार्यों हेतु मिला सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केन्द्र (एनआरसीसी) के निदेशक डॉ.आर्तबन्धु साहू को इंडिया एनिमल हेल्थ इंडस्ट्री अ‌ॅवार्ड 2023 से नवाजा गया है । एग्रीकल्चर टूडे ग्रुप, नई दिल्ली की ओर से यह अ‌ॅवार्ड डॉ.साहू को एक्स्ट्राऑर्डिनेरी लीडरशिप टैक्नोलॉजीकल एडवांसमेंट्स हेतु प्रदान किया गया है । केन्द्र निदेशक डॉ.साहू ने बताया कि एग्रीकल्चर टूडे ग्रुप द्वारा यह अ‌ॅवार्ड विविध श्रेणियों में प्रदान किया जाता है तथा प्राप्त अ‌ॅवार्ड असाधारण नेतृत्व तकनीकी प्रगति यानी एक्स्ट्राऑर्डिनेरी लीडरशिप टैक्नोलॉजीकल एडवांसमेंट्स के तहत आता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा उनके गत संस्थान तथा एनआरसीसी में वर्तमान अनुसंधान एवं विकास कार्यों और नेतृत्व के आधार पर यह अ‌ॅवार्ड मिलना न केवल व्यक्तिगत अपितु संस्थान के लिए भी गौरव का विषय है क्योंकि इसके माध्यम से केन्द्र के अनुसंधान कार्यों को और अधिक पहचान मिली है। उन्होंने इस हेतु मिले संस्थानिक सहयोग की प्रशंसा करते हुए भविष्य में अनुसंधान आदि कार्यों को लेकर इसी भांति सहयोग की अपेक्षा जताई।

केन्द्र निदेशक डॉ.साहू को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर एनआरसीसी के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों आदि द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया तथा इस दौरान डॉ.आर.के.सावल, प्रधान वैज्ञानिक ने यह आशा व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ.साहू के नेतृत्व में एनआरसीसी और नूतन ऊँचाइयों को छूएगा ।

### दो साल की बच्ची का शव कब्र से निकलवाया, मेडिकल बोर्ड से शव का होगा पोस्टमार्टम

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर. तिलक नगर इलाके में दो साल की एक बच्ची की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। बच्ची के पिता ने हत्या की आशंका जाहिर की है। मृतक बच्ची का शव दो दिन पहले ही शिवबाड़ी के श्मशान गृह में दफन कर दिया गया था। गुरूवार को इस मामले को लेकर मृग रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मृतका के शव को कब्र से निकालकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार तिलक नगर में किराए के मकान में रहने वाले पश्चिम बंगाल के मजदूर परिवार की दो वर्षीय बालिका जया पुत्री रणजीत खोडियां को उसके परिजन बेहोशी की हालत में पीबीएम के ट्रोमा सेंटर लेकर आए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । इसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही बच्ची शव ले गए।

परिजनों ने शिवबाड़ी के एक श्मशान घाट में शव को दफन कर दिया। घटना के दो दिन बाद मृतका के पिता रणजीत खोडिया ने जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि अपरान्ह 4 बजे उसकी दो साल की लड़की जया और चार साल का लडका जयदेव दोनों घर पर थे। वह और उसकी पत्नी पत्नी सुमित्रा काम करने गए हुए थे । शाम को 4.30 बजे मेरे साथ काम करने वाले के फोन पर गनेश का फोन आया और कहा कि तेरी लड़की बेहोश हो गई है। तब पीड़ित घर पर आया और देखा कि जया का शरीर नीला पड़ गया था और उसके शरीर पर काले निशान हो गए थे। पीबीएम अस्पताल लेकर गया, जहां पर ईलाज के दौरान जया की मौत हो गई। रणजीत ने आशंका जताई है कि जया की पड़ोस में रहने वाले एक लड़के ने हत्या की है।

### इंडोनेशिया जाने जाने वाले स्काउट व गाइड्स का किया स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)(** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के भीलवाडा जिले की 5 गाइड व 1 स्काउट इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली 12 वी रोवर मुट में भाग लेंगे स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि 12वी राष्ट्रीय रोवर मुट जकार्ता, इंडोनेशिया में आगामी 14 अगस्त से 21 अगस्त तक आयोजित होंगी। जिसमें भीलवाडा जिले की 5 गाइड व 1 स्काउट भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। औ? इस भारतीय दल का नेतृत्व गाइडर मंजू छिपा करेंगी।भीलवाडा जिले कस्बे बदनोर में कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित एक समारोह में स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने इंडोनेशिया जाने वाले दल के सभी स्काउट, गाइड एवं दल नेता का माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए पड़ोसी कस्बे बदनोर के सभी स्काउट व गाइड को इंडोनेशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर स्थानीय संघ जवाजा के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड़ ,मोहन सिंह चौहान, बलराज सिंह राठौड़,मनीष जनागल, मुरली मनोहर जाटव,भूपेन्द्र कुमार,नरेन्द्र सिंह, रतन सिंह,मधुमती ,रूपकला शर्मा एवं राधा चौहान ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बदनोर के सचिव बोयत राम बलई,कैलाश जी और मुबारक अली आदि उपस्थित रहे।

### स्वस्थ युवा के संदेश के साथ 'रन फॉर फतेह' मैराथन 6 अगस्त को आयोजित : महिपाल महला



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** सीकर में प्रेस वार्ता को सम्भोंदित करते हुए महिपाल महला ने बताया कि फतेहपुर में प्रदेश कि ऐतिहासिक मैराथन का आयोजन किया जाएगा यह मैराथन प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी मैराथन होगी। मैराथन की सबसे अच्छी खासियत यह है कि विजेता को रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 बुलेट बाइक इनाम के तौर पर मिलेगी। इसी तरह दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को क्रमशः एक लैपटॉप और एक एल ई डी साथ ही आज बुलेट बाइक का भी प्रदर्शन किया गया. मैराथन के आयोजक महिपाल महला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए फिटनेस के महत्व को समझाया, "इस डिजिटल दुनिया में युवाओं के लिए शारीरिक फिटनेस को गंभीरता से लेना महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका सीधा असर मानसिक फिटनेस पर पड़ता है। स्पोर्ट्स के माध्यम से अपनी? मार्ग से भटकी हुई युवा पीढ़ी जो की



नशे की तरफ बढ़ रही है उन्हें भी सही मार्ग पे लाया जा सकता है। इसलिए, युवाओं को मैराथन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हमने रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 बुलेट बाइक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रखा है। यह बाइक युवाओं को बहुत पसंद है इसलिए हमने सोचा कि यह बाइक युवाओं में एक आकर्षण का केंद्र बनेगी और इस मैराथन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगी।" उन्होंने आगे बताया की मैराथन को हरी झंडी दिखाने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अगस्त 6 के प्रोग्राम में बुलाया गया है। मैराथन में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा दिया जाएगा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। महिपाल ने कहा कि उनका उद्देश्य इस मैराथन के माध्यम से युवाओं तक पहुंचना है परंतु इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। मैराथन 2500 मीटर की होगी। उनका पंजीकरण पूर्णतया निशुल्क होगा।

प्रेस वार्ता में महिपाल महला के साथ वीर तेजा सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम बिजारणियां, वीर तेजा सेना राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन ढाका, मूलचंद चौधरी फतेहपुर, हरलाल सिंह चौधरी, फतेहपुर, रामचंद्र सुंडा ,सतपाल धींवा, सचिन पिलानिया, चुन्नीलाल राड़, महिपाल पूनिया, व जगदीप डोरवाल मौजूद थे।

### खाचरियावास में आज होगा हिंदू-मुस्लिम सद् भावना समारोह

**खाचरियावास। (विनोद धायल)** मोहर्रम के मौके पर खाचरियावास में हिंदू-मुस्लिम स्नेह सद् भावना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। हाजी नासिर खान ने बताया कि सामाजिक व धार्मिक सद् भावना को बढ़ावा देने के लिए ही गांव में हिंदू-मुस्लिम सद् भावना समारोह का आयोजन किया जा रहा है? समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक वीरेंद्र सिंह होंगे ।समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन


# अदालतों में करोड़ों लंबित मामले चिंता की बात

भारत में न्यायिक सुधार लंबे समय से पेंडिंग है। भाजपा के कोर एजेंडे में ज्यूडिशियल रिफॉर्म (न्यायिक सुधार) भी है। मोदी सरकार के नौ साल होने के बाद भी न्यायिक सुधार की दिशा में एक कदम भी नहीं उठाया गया है। इसका नतीजा है कि देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत धीमी है। यह 21वीं सदी के अनुरूप नहीं है। पीएम मोदी नीत राजग सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में खुद कहा कि इस साल 24 जुलाई तक विभिन्न उच्च न्यायालयों में 71,204 से अधिक मामले विगत 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित हैं। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन को बताया कि जिला और अधीनस्थ अदालतों में 1,01,837 मामले 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। मंत्री ने 20 जुलाई को संसद के उच्च सदन को बताया था कि उच्चतम न्यायालय, 25 उच्च न्यायालय और अधीनस्थ अदालतों में 5.02 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि हमारी न्याय व्यवस्था में अनेक कमियां हैं, मैनपावर की भारी कमी है, इंसाफ बहुत खर्चीला है, जांच से लेकर सुनवाई तक की प्रक्रिया जवाबदेह नहीं है, कुलमिलाकर समूचा ढांचा ही कमजोर नींव पर है। सरकार ने बताया है कि वर्ष 1950 से अब तक करीब 73 वर्ष में उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठों द्वारा 2,183 मामले सुने एवं निपटाए गए और वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के समक्ष निर्णय करने के लिए संविधान न्यायपीठ संबंधी 29 मामले लंबित हैं। सरकार के मुताबिक, मामलों का न्याय निर्णय और शीघ्र निपटान न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र का विषय है और सरकार की इस मामले में कोई भूमिका नहीं होती है, लेकिन न्याय तंत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का काम सरकार का ही है। अदालतों में केसों का वर्षों लंबित रहना न्याय नहीं मिलने जैसा है। इसलिए देश में ज्यूडिशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए तत्काल न्यायिक सुधार किया जाना चाहिए। ज्यूडिशियल रिफॉर्म विधिक सुधार का एक हिस्सा है। विधिक सुधार में न्यायिक सुधार के साथ-साथ कानूनी ढांचे में परिवर्तन, कानूनों में सुधार, कानूनी शिक्षा में सुधार, जनता में विधिक जागरूकता लाना, न्याय को त्वरित एवं सस्ता बनाना आदि भी शामिल हैं। विचाराधीन मामलों के अनुपात में कमी लाने के लिये कोर्ट में जजों की संख्या में वृद्धि की जानी चाहिये, कुछ विशेष श्रेणी के मामलों के समाधान के लिये समय-सीमा तय की जानी चाहिये तथा लोक अदालतों और ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जानी चाहिये। इससे न केवल विचाराधीन मामलों की संख्या में आनुपातिक कमी आएगी बल्कि न्यायपालिका के मूल्यवान समय की बचत होगी। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के कुशलतापूर्वक उपयोग से न्यायिक डेटाबेस बनाया जा सकता है। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह प्रस्तावित किया है कि खंडपीठों के माध्यम से उच्च न्यायालय के कार्यों का विकेंद्रीकरण किया जाए, जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाई जाए, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद अहस्तांतरणीय बनाया जाए और न्यायाधीशों की संख्या 5 गुना बढ़ाई जाए। जजों की नियुक्ति करने में न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच टकराव खत्म होने चाहिये। न्याय अभी भी देश के बहुसंख्यक नागरिकों की पहुंच के बाहर है, क्योंकि वे वकीलों के भारी खर्च वहन नहीं कर पाते हैं और उन्हें व्यवस्था की प्रक्रियात्मक जटिलता से होकर गुजरना पड़ता है। अमृतकाल में विकसित भारत की जरूरत के मुताबिक ज्यूडिशियल रिफॉर्म किया जाना चाहिए। करोड़ों मामलों का अदालतों में लंबित रहना चिंता की बात है।

## सारा संसार



हिंदू देवता अंबा देवी को समर्पित, कोल्हापुर का महालक्ष्मी मंदिर हिंदू आस्था और धर्म के एक महत्वपूर्ण प्रतीक के रूप में खड़ा है। इसका निर्माण 7वीं शताब्दी में चालुक्यों के शासनकाल में हुआ था। इसे देश के शक्तिपीठ मंदिरों में गिना जाता है। महालक्ष्मी हिंदुओं के बीच एक पूजनीय देवी हैं।



# गमले में बरगद!



जिरहनामा
कनक तिवारी

ज्यादातर यूरोप और खासकर इंग्लैंड में ऊंची तालीम हासिल कर हमारे पूर्वजों ने राजनीति, कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीयता और मानव मूल्यों के क्षेत्रों में अंगरेज कौम को मुकम्मिल तौर पर परास्त कर आजादी हासिल की स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता तिलक, गांधी, नेहरू, सुभाष बोस, लोहिया, जयप्रकाश वगैरह अंतर्राष्ट्रीय शोहरत के रहे। उनके विचारों की धमक आज भी पूरी दुनिया में है। संस्कृति में भी भारत के विचारों की अनुगूंज दयानंद सरस्वती, रवीन्द्रनाथ टैगोर, विवेकानन्द, काजी नजरुल इस्लाम, मौलाना आजाद, सुब्रमण्यम भारती और न जाने कितने सूरमाओं की आज भी सुनाई पड़ती है।


भारत तरह तरह की चुनौतियों, आकस्मिकताओं, कारगुजारियों, संभावनाओं और प्रयोगों के दौर से गुज़र रहा है। दुनिया विचारों की जद्दोजहद में कभी परस्पर सीखती, सहकार करती और मतभेद होने पर भी साथ साथ चलने की नीयत और जोखिम तक उठाती रही थी। भारत की वैचारिकी ने दुनियावी उपलब्धियों से बेरुख या लास्य रहित होकर भी पूरे संसार के सामने मार्गदर्शक प्रतिमान कायम किए थे कि तमाम देश उनमें अपना भी परिपाक और भविष्य ढूंढ़ लेते रहते थे। अठारहवीं सदी तक भारत आज की तरह गरीब नहीं था। आधुनिक इतिहास में कई शोधों ने सिद्ध किया है कि भारत पर यूरोपीय देशों के हमले उसकी अमीरी के कारण हुए। उनसे पहले मुस्लिम हमले भी हुए। हर हमलावर ज़्यादा से ज्यादा दौलत भारत से लूटकर अपने मादरे वतन तक ले जाता रहता। अन्त में अंगरेजों ने कैंसर के विषाणु बनकर चूसा और भारत के गरीब होने का लगातार प्रचार भी किया। सदियों से विचारशीलता के इन्डेक्स पर भारत दुनिया का सिरमौर रहा। ज्ञान विज्ञान के कई इलाकों में भारतीय झंडा ही बुलंद रहा। अंगरेजों से आज़ादी पाने के संघर्षशील दौर में कई वैचारिकों ने देश की अगुवाई की।

ज़्यादातर यूरोप और खासकर इंग्लैंड में ऊंची तालीम हासिल कर हमारे पूर्वजों ने राजनीति, कूटनीति,

अंतर्राष्ट्रीयता और मानव मूल्यों के क्षेत्रों में अंगरेज कौम को मुकम्मिल तौर पर परास्त कर आज़ादी हासिल की।स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता तिलक, गांधी, नेहरू, सुभाष बोस, लोहिया, जयप्रकाश वगैरह अंतर्राष्ट्रीय शोहरत के रहे। उनके विचारों की धमक आज भी पूरी दुनिया में है। संस्कृति में भी भारत के विचारों की अनुगूंज दयानंद सरस्वती, रवीन्द्रनाथ टैगोर, विवेकानन्द, काजी नजरुल इस्लाम, मौलाना आज़ाद, सुब्रमण्यम भारती और न जाने कितने सूरमाओं की आज भी सुनाई पड़ती है। पहले प्रधानमंत्री नेहरू की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति आज भी लोकप्रियता की ऊंची पायदान पर है। यह अलग है कि बाद में सियासतदां लोगों में उतनी रचनात्मक प्रतिभा धूमिल होने लगी जो संविधान सभा में डा. अम्बेडकर, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, प्रो. के. टी. शाह, शिब्बनलाल सक्सेना, विशंभरदयाल त्रिपाठी, दामोदर स्वरूप सेठ, हरिविष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजरू, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, मौलाना हसरत मोहानी और नजीरुद्दीन आदि में लहराई थी। वक्त बीतता गया। भारतीय आज़ादी के 75 साल हो गए और संविधान निर्माण के भी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे अमृतकाल कह दिया। विज्ञान और तकनॉलॉजी के कारण ज्ञान के माध्यम अब किताबें, पुस्तकालय, आपसी विमर्श, व्याख्यान और शोध प्रकल्प नहीं रह गए हैं। उनसे कहीं ज़्यादा नौजवानों की दुनिया सोशल मीडिया पर व्हाटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर चहलकदमी करती है। नई पौध अध्ययनविरत है। उसे ऑन लाइन ज्ञान चाहिए जिस तरह रेस्टॉरेन्ट से भोजन को घर से ऑनलाइन बुलाने का ऑर्डर दिया जाता है। सत्ताभिमुख राजनेताओं का बौद्धिक स्तर इस कदर गिर गया है कि कई को भारत के नक्शे में कुछ प्रमुख कस्बे तक ढूंढ़ने में कठिनाई होगी। इतिहास और समाज का उनका ज्ञान बहुत खराब, बेतरतीब और अफवाहों, किंवदंतियों और चरित्र हत्या के उद्धरणों से अंटा पड़ा है। किसी भी मुद्दे पर फैसला देने तत्काल फतवा सुना देते हैं। खुद को देश की बौद्धिक मिल्कियत बने रहने का ख्वाब, दंभ, अहसास और मुगालता पाले हुए हैं। इनकी जबान पर चस्पा है कि गांधी ने ऐसे काम किए थे कि गोडसे ने उन्हें ठीक ही मारा। अपने खानदान और परिवार में पता हो न हो लेकिन नेहरू के पूर्वज मुसलमान हैं। ऐसा व्हाट्सएप विश्वविद्यालय में सैकड़ों की संख्या में लिखते हैं। इनकी रटंत में में भारत में पिछले 70 वर्षों में कोई अच्छा काम हुआ ही नहीं। आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्ममुग्धता में आजादी का नया युग तो अभी अभी आया है। इन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी का संविधान सभा में दिया गया योगदान पढ़ा ही नहीं होगा। किस कदर दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ की स्थापना के बाद सत्ता के हर स्तर पर विकेन्द्रीकरण और स्वदेशी का प्रचार अपने प्रसिद्ध एकात्म मानववाद वाले व्याख्यानों में किया है। यह भी भाजपा अध्यक्ष बनने पर अटल बिहारी वाजपेयी ने गांधीवादी समाजवाद को पार्टी का नीति वाक्य बानकर अपनाया था। इन्होंने सुना पढ़ा नहीं होगा। गांधी की आत्मकथा, और हिन्द स्वराज, या नेहरू की विश्व इतिहास की झलक, भारत की खोज जैसी किताबों को छूने से ये लोग डरते हैं। सबसे युवा लेकिन बड़े बुद्धिजीवी भगतसिंह का लेखन ऐसे लोग पढ़ लें, तो दुनिया को समझने उनकी आंखें खुल जाएं। दकियानूस बना दी गईं स्त्रियां भी प्लास्टिक की पिस्तौल से गांधी की आलोचना करते उनके चित्र पर गोलियां दागती देखी जाती हैं। निन्दा, अफवाह, चरित्र हत्या की बानगी को इतिहास कहा जा रहा है। कठिन आर्थिक हालत के चलते अधिकांश युवजन के पास नौकरी और रोजगार नहीं हैं। निजी क्षेत्र इन्हें बेतरह प्रताड़ित करता रहता। तब भी पूरा वेतन नहीं देता। प्राध्यापक भी महाविद्यालयों में अध्यवसाय, उपलब्धि और प्रतिष्ठा का परचम कहां फहरा पाते हैं? सजायाफ्ता या मुलजिम बने विधायक और सांसद देश की प्रज्ञा के कर्णधार हो गए हैं। अपने अपराधी स्वभाव और भ्रष्ट आचरण के चलते राजनीति को नाबदान बनाते रहने की उनकी कोशिशे पूरी असफल भी नहीं होतीं। आज़ादी के दौर के महान बौद्धिक सूरमाओं के उलट अब विधायकों के नाम पर विश्वविद्यालय बन रहे हैं। ऐसी हुकूमत से बौद्धिकता की कितनी उम्मीद की जा सकती है?

भारतीय विश्वविद्यालयों के नाम दुनिया की पहले दो सौ शिक्षण संस्थाओं में भी नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए परिवार के आर्थिक हालत तक को तहसनहस कर विदेश जाना कुछ चुनिंदा जहीन बच्चों का आत्ममुग्ध करतब बन रहा है। पत्रकारिता, नागरिक आज़ादी, स्वास्थ्य, साक्षरता, आहार, पोषण जैसे तमाम इलाकों में भारत पूरी दुनिया में सबसे निचले स्तर तक फिसल गया है। अस्सी करोड़ नागरिकों को हर महीने पांच किलो अनाज मुफ्त मिलना देश की तरक्की का पैमाना बन गया है। न्यायपालिका में काबिलियत के आधार पर जजों की चयन और नियुक्ति की प्रकिया इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि लगता है न्यायालय बेइंसाफी की मशीनरी बनाए जा रहे हैं। दुनिया के सबसे बडे. कानूनों को एकजाई कर आईन बनाने में हमारे संविधान निर्माता रहे हैं। आला दर्जे के बैरिस्टर भूलाभाई देसाई, मोतीलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना, चितरंजन दास जैसे कितने इतिहास की खिड़कियों से आज की पीढ़ी को झांक रहे होंगे। हमारी आजादी की जंग के सूरमा यदि बुद्धिजीवी नहीं होते तो कुटिल अंगरेजों से वार्ता की टेबल पर हम ठगे जाते। उन्होंने तालीम हासिल कर देश को आजाद करने अपनी जिंदगियां होम कर दीं। आज इने गिने जहीन विद्यार्थी विदेशों की चाकरी करना जीवन का मकसद समझते हैं। अपना एकल परिवार लेकर वहां बसकर वतन नहीं लौटना चाहते। मां बाप को बहुत ज्यादा हुआ, तो ओल्ड होम में भर्ती करा देते या मां बाप की सम्पत्तियां भी हड़पकर उन्हें मरने खपने छोड़ देते हैं। अजीब दौर है। कुकुरमुत्ता बना अज्ञान उग रहा। मुंह छिपाता ज्ञान बिसूर रहा। बरगद, पीपल, नीम, अमरूद जैसी कदकाठी के हमारे पुरखों के बड़े पेड़ों की जगह बोनसाइ प्रजाति के कुछ साक्षर युवा हैं। बाकी खामख्याली में हैं कि वे अपनी शख्सियत के गमले में दुनिया के सबसे बड़े आलिम फाजिल बनकर बरबद जैसे पेड़ हथेली पर उगा लेंगे।


## सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन्‌ 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। *अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।*

## अधिकार


नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# समानता से सबल होंगी महिलाएं

समाज में अक्सर महिला-पुरुष समानता की बात की जाती रही है। यह समानता हर क्षेत्र में आवश्यक है, क्योंकि इससे महिला सशक्तिकरण होगा और साथ में महिलाओं के आर्थिक विकास से भारत का भी आर्थिक विकास निर्धारित होगा। आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को काफ़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में पिछले कुछ दशकों में महिलाओं ने भले ही कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया हो, लेकिन आज भी उनकी स्थिति सामाजिक के साथ-साथ श्रम भागीदारी में बहुत अच्छी नहीं है। महिलाओं की भागीदारी सबसे निचले स्थान पर है। भारत की नियति है कि हमारे यहां महिला को सिर्फ एक 'देखभालकर्ता' के तौर पर जाना जाता है, जबकि पुरुष को 'ब्रेड विजेता' के तौर पर। अर्थात लिंग भेद आज भी बरकरार है। ऐसा नहीं है कि महिलाओं के स्तर में सुधार नहीं हुआ है। अगर हम विगत दो दशकों में वैश्विक स्तर पर महिलाओं की शिक्षा को देखे तो इसमें महत्त्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है, साथ ही प्रजनन दर में भी गिरावट देखने को मिल रही है। इन दोनों ही कारकों के परिणामस्वरूप दुनियाभर में वैतनिक श्रम-बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में बढ़त हासिल हुई है। हालांकि भारत के मामले में स्थिति सामान्य और स्पष्ट नहीं है। श्रम बल के रूप में देखे तो एक रिपोर्ट में आवधिक श्रम-बल सर्वेक्षण, 2018-19 की मानें तो 15 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के बीच महिला श्रम-बल भागीदारी दर ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन 26.4 प्रतिशत और भारत के शहरी क्षेत्रों में 20.4 प्रतिशत से कम है। कोरोना महामारी ने महिलाओं और लड़कियों के समक्ष मौजूद असमानता की खाई को और चौड़ा कर दिया है। हालांकि अवसरों की समान उपलब्धता राष्ट्रीय आर्थिक सेहत का मामला भी है। सामाजिक स्तर पर महिलाओं की खराब स्थिति के चलते ही महिलाओं का रोजगार जनसंख्या औसत भी बेहद खराब श्रेणी है, जो खुले तौर पर लैंगिग असमानता को प्रदर्शित करता है। फिर भी, भारत की बाजार अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के रुझान इसकी विपरीत दिशा में बढ़ रहे हैं। तीव्र प्रजनन क्षमता संक्रमण के बावजूद, महिलाओं द्वारा शिक्षा अर्जित करने में व्यापक वृद्धि हुई है और पिछले दो दशकों में पर्याप्त आर्थिक विकास हुआ है, फिर भी काम करने वाली भारतीय महिलाओं की हिस्सेदारी समय के साथ कम हो गई है।भारत को रोजगार के क्षेत्र में लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास करने की जरूरत होगी। अर्थव्यवस्था में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी और समावेश सुनिश्चित करने के लिए बाधाओं को दूर किये जाने की आवश्यकता है, जिसमें श्रम बाज़ार तक पहुंच और संपत्ति में अधिकार सुनिश्चित करना और लक्षित ऋण तथा निवेश आदि शामिल हैं। कोरोना महामारी ने पुरुषों से अधिक महिलाओं के रोज़गार को प्रभावित किया है। श्रम-बल में प्रवेश करने वाली महिलाओं के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु मज़बूत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं के लिए परिवहन, सुरक्षा और छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ बच्चों की देखभाल और मातृत्व लाभ जैसे-सामाजिक सुरक्षा प्रावधान किया जाना शामिल है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में जिम्मेवारी तय हो**

सरकार आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने का दावा करती है पर इस सेवा में काफी पोल है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लेटलतीफी और लापरवाही आम बात है। अस्पतालों में न तो दवा उपलब्ध हो पाती है और न पर्याप्त बेड की सुविधाएं है। कई अस्पतालों में तो मरीजों को नीचे सुलाया जाता है। आज हम रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीक के युग में पहुंच गए है पर यह सुविधा केवल विशेष और उच्च वर्ग के लिए सीमित कर रह गई।

-सुमन पांडे, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया की सैन्य परेड में रूस और चीन शामिल



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की राजधानी प्योंगयांग में सैन्य परेड के दौरान रूस और चीन के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मंच साझा किया और परमाणु क्षमता से लैस मिसाइलों एवं शक्तिशाली हथियारों का प्रदर्शन किया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने शाम को शहर के मुख्य चौक पर स्थित इमारत की बालकनी से रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और चीन की सत्तारूढ़ पार्टी के अधिकारी ली होंगझोंग के साथ परेड देखी। मीडिया के अनुसार, सड़कों पर हजारों लोग जमा थे, जो मुख्य सड़क पर सैनिकों, टैंकों और विशाल अंतरद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जाने वाले वाहनों को देखकर नारे लगा रहे थे। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि परेड में हाल में विकसित निगरानी विमानों एवं युद्धक ड्रोन को भी प्रदर्शित किया गया। किम और शोइगु ने हाल में एक हथियार प्रदर्शनी में भी हिस्सा लिया था, जिसमें इन विमानों और ड्रोन का प्रदर्शन किया गया था। केसीएनए ने हालांकि यह नहीं बताया कि किम ने परेड के दौरान कोई संबोधन दिया या नहीं।

## ऑफ बीट

# लंबे कोविड से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली प्रभावित



संज्ञानात्मक कार्यों या कौशलों, जैसे पुरानी बातों को याद करने की क्षमता, कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना, या बातचीत में सही शब्द ढूंढने में आने वाली कठिनाइयां, आमतौर पर कोविड संक्रमण के बाद बताई जाती हैं। इन लक्षणों को अक्सर 'ब्रेन फ्रॉग' के रूप में संदर्भित किया जाता है, और विशेष रूप से उन लोगों में आम है जिनमें दीर्घकालिक या लगातार लक्षण होते हैं जिन्हें लॉन्ग कोविड कहा जाता है। मार्च 2023 की नवीनतम गणना के अनुसार, यूके में लंबे समय तक कोविड से पीड़ित 10 लाख लोग थे जिन्होंने ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई की सूचना दी थी, और तकरीबन साढ़े सात लाख लोगों ने स्मृति हानि या भ्रम की सूचना दी थी। अल्पावधि में, ब्रेन फ्रॉग के लक्षण लोगों की उनके सामान्य दैनिक कार्यों, जैसे कामकाज और बच्चे की देखभाल, को पूरा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकते हैं। लंबी अवधि में, हल्की संज्ञानात्मक हानि मनोभ्रंश जैसी अधिक गंभीर स्थितियों में विकसित हो सकती है। आम तौर पर कोविड संक्रमण को मनोभ्रंश के निदान के बढ़ते जोखिम से जोड़ा गया है। इसलिए छोटी और लंबी अवधि में लोगों की सहायता करने के लिए, आमतौर पर संज्ञानात्मक कार्य पर ब्रेन फॉग और लंबे कोविड के प्रभावों की प्रकृति, आकार और अवधि को समझना महत्वपूर्ण है।

## ट्रेंड

### हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक हों



इस वर्ष डब्ल्यूएचओ का थीम 'वन लाइफ, वन लिवर' है। मेरा सभी से आग्रह है की स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता जरूर फैलाए और स्वयं की व परिवार की स्क्रीनिंग जरूर करवायें। हम इस बीमारी पर जीत हासिल कर सकते हैं।

-डॉ मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### प्रकृति की रक्षा करें



प्रकृति के साथ समन्वय ही समृद्ध जीवन का आधार है। यह जानना जरूरी है कि धरती आकाश पवन जल प्रकाश व पादप वनस्पति समवेत रूप से जीवन के मूलभूत तत्व हैं। इनके रक्षण के बिना जीवन अस्तित्वहीन है। अतः प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सबकी सुनना जरूरी



भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी होने का गर्व है, इसके 65 फीसदी लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं। देश में युवाओं की बड़ी संख्या है और संसद के भीतर और बाहर उनकी आवाज सुनना जरूरी है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

### किसने रोका था



चरणचुंबकों की मंडली को सूत्रों ने बताया है कि मोदी ख़ुद मणिपुर की निगरानी कर रहे हैं। तो प्रभु 86 दिनों से किसने रोका हुआ था? उन्हीं ड्रोन से जो सारी खबर देते हैं? लगता है पिछले 3 महीने से ख़राब हैं ड्रोन।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

संपादकीय

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदाऊं की छात्रा अंजलि शर्मा ने विधालय का नाम किया रोशन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू(रामफूल मीणा)।** राजस्थान युवा बोर्ड मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार द्वारा ब्लॉक स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव प्रतियोगिता में अंजली शर्मा पुत्री भगवान सहाय शर्मा को ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बगरू विधायक गंगा देवी के द्वारा प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस दौरान बगरू उपखंड अधिकारी एकता काबरा, सांगानेर पंचायत समिति प्रधान भंवर कवर , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र बंसल, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र यादव सहित सांगानेर ब्लॉक क्षेत्र के ब्लॉक सी बी ओ और ए सी बी ओ उपस्थित रहे

## विशाल ऑक्यूपेशनल, स्पीच, फीजियो और सायको थेरेपी परामर्श केम्प का आयोजन आज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल, के सानिध्य में आज शनिवार को एक दिवसीय विशाल ऑक्यूपेशनल , स्पीच, फीजियो और सायको थेरेपी परामर्श केम्प का आयोजन किया जा रहा है उपनिदेशक रणसिंह चीता ने बताया विशाल थेरेपी केम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमे दिल्ली, अजमेर आदि से विशेषज्ञों ( ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच पैथोलॉजिस्ट, फिजिओथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक ) की टीम द्वारा स्पीच सम्बंधित समस्याएं, चलने फिरने में समस्या, पढ़ने लिखने सम्बंधित समस्या, आटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, हाइपर एक्टिव बच्चे आदि समस्याओ वाले लोगो को आवश्यक थेरेपी और परामर्श दिया जायेगा। जिन लोगो में इस प्रकार की समस्याएँ है वे अपने साथ पहले दिखाई हुई रिपोर्ट आदि साथ में लेकर आये। आमतौर से दिव्यांग बच्चों के अभिभावक सही जानकारी के अभाव मे परेशान होते हैं और अलग अलग शहरो के चक्कर लगाते रहते है पर सही परामर्श नहीं मिल पाता है इसलिए संस्था द्वारा सभी विशेषज्ञों को एक ही स्थान पर आमंत्रित किया है ताकि अभिभावकों की समस्याओ का समाधान हो सके। केम्प का समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 3.00 बजे तक रहेगा।

## नर्सेज ने 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर धरना रखा जारी

### राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति धौलपुर के द्वारा आज 11वे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना क्रमिक तौर पर नर्सेज नेता विशंभर दयाल के सानिध्य में जिला चिकित्सालय धौलपुर के प्रांगण में अपने मांग पत्र को लेकर जारी रखा। एवं अपने 11 सूत्री लंबित मांग पत्र के समर्थन में राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा को मुख्यमंत्री के नाम उनके निवास पर जाकर ज्ञापन दिया। एवं मुख्यमंत्री से अपनी मांगों को मनवाने के लिए विधायक बोहरा से अपील की यह जानकारी संयुक्त रूप से जिला संयोजक अमृतलाल द्रोण एवं हरिशंकर शर्मा द्वारा दी गई।

वरिष्ठ नर्सेज नेता मुकेश शर्मा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि हम नर्सेज फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स को भी अपनी मांगों की खातिर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। राकेश शर्मा कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सरकार समय रहते हुए नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करती है। तो जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। एवं कैलाश ब्राह्मी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार ने आज 10 दिन बाद भी नर्सेज के मांगों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की। नर्सेज नेता जितेंद्र कुमार ने बताया इससे नर्सेज में भारी रोष व्याप्त है एवं रमाकांत परमार ने सरकार से संविदा एवं यूटीवी अन्य माध्यमों से लगे नर्सेज को तुरंत प्रभाव से नियमित किए जाने की अपील की। एवं धरने पर आकर कई सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व नर्सिंग ऑफिसर ने अपना समर्थन दिया। जिसमें कोमल सिंह, राधेश्याम सेन, धर्मेंद्र सेन, कृष्ण मुरारी, गजेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, राहुल, जयंती आलोक, मोहन प्रकाश आदि नर्सेज सम्मिलित थे।

## मोहर्रम के ताजिए के दौरान शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाएं रखने को लेकर प्रशासन ने की अपील



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार। रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय कस्बे मैं मुहर्रम की पूर्व संध्या को मोहर्रम के ताजिये के दौरान शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील करने लेकर बाजार मैं शांति मार्च निकाली गई ।जिसमें एसडीएम मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार रमेश मीणा, नायब तहसीलदार रोहित मीना, एएसआई छोटे लाल मीणा, शहीद पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।


रैणी प्रधान प्रतिनिधी मीना ने इस दौरान गहलोत सरकार की जनहित योजनाओ के बारे मे भी सविस्तार से बताया

# रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर सरकारी सीनियर स्कूल परिसर मे मनाया राजस्थान युवा महोत्सव

### रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व रैणी नगरपालिका चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत विशिष्ट अतिथि रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता सीबीईओ राजेन्द्र मीना के द्वारा की गई







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे शुक्रवार 28 जुलाई को राजस्थान युवा महोत्सव के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता कराई जो कि राजस्थान युवा बोर्ड , युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा आयोजित कराए जा रहे। इसके तहत 22 प्रतियोगिताओ का रजिस्ट्रेशन 15 वर्ष से 29 तक के युवा-युवतियो का कराए जाते है लेकिन रैणी क्षेत्र मे सिर्फ 12 प्रतियोगिताओ जैसे कि चित्रकला, एकल नृत्य, लोकगीत, सामुहिक नृत्य, लोकगायन, शास्त्रीय संगीत , पोस्टर व फोटोग्राफी , नाटक , मार्शल आर्ट, कविता/स्लोगन सहित 12 प्रतियोगिताओ के तहत 726 युवा - युवतियो (सम्भागियो) के ही रजिस्ट्रेशन हुए थे जिनमे से 105 प्रतिभाओ (सम्भागी) इस कार्यक्रम मे हुए जिनमे से प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवा-युवतियो को पुरूस्कार तोर पर मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम शुभारंभ से पहले मुख्य अतिथि रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर और रैणी नगरपालिका चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत ने तथा रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने व रैणी नायब तहसीलदार राम खिलाड़ी मीना व रैणी बीएसओ सहित कार्यक्रम आयोजनकर्ता रैणी सीबीईओ राजेन्द्र मीना व कार्यक्रम प्रभारी नेमी चन्द मीना अतिरिक्त सीबीईओ (प्रथम) सहित सभी अतिथियो द्वारा माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान कविता/स्लोगन लेखन प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्रिया कुमारी मीना( खोहरा चौहान) ने प्राप्त किया जो टहटड़ा सरकारी सीनियर स्कूल मे अध्ययनरत है और इस बालिका को कविता लेखन के लिए इनके हिन्दी साहित्य के लेक्चर चेतराम मीना ने प्रोत्साहित किया जिसका परिणाम यह मिला कि प्रिया कुमारी ने पूरे रैणी ब्लॉक मे प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी तरह से कविता/स्लोगन लेखन मे दूसरा अन्जली कुमारी ने व तीसरा स्थान मोनिका राजपूत ने प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना ने गहलोत सरकार की विभिन्न जनहित योजनाओ के बारे मे उपस्थित सभी को सविस्तार से समझाते हुए राजस्थान सरकार की सारी उपलब्धिया भी बताई तथा रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने भी सभी सरकारी योजनाओ के बारे मे अवगत कराया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियो का माल्यार्पण और साफा बांधकर जोरदार स्वागत सत्कार किया तथा आयोजनकर्ता द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियो को खाने के पैकेट भी दिए गए एवं सभी को आने जाने का किराया भी दिया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर रैणी सीबीईओ राजेन्द्र मीना व कार्यक्रम प्रभारी नेमी चन्द मीना , अतिरिक्त सीबीईओ ( प्रथम ) व रैणी बीडीओ कालूराम मीना , रैणी नगरपालिका चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत और रैणी नायब तहसीलदार राम खिलाडी मीना व रैणी बीएसओ टेलर सहित रैणी क्षेत्र के समस्त सीनियर स्कूल प्रिंसिपल और अनेक जनप्रतिनिधि व मिडियाकर्मी मौजूद रहे ।कार्यक्रम प्रभारी एडिशनल सीबीईओ(प्रथम) नेमी चन्द मीना ने मिडिया को बताया कि इस कार्यक्रम मे विशेष सहयोग रामप्रसाद मीना , राजेंद्र प्रसाद मीना (परबैणी स्कूल) तथा सुकेश मीना , राजेश मीना (कीलपुरखेडा) के द्वारा दिया गया तथा कार्यक्रम का संचालन देवीलाल अहीर के द्वारा किया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी एडिशनल सीबीईओ(प्रथम)नेमी चन्द मीना के द्वारा दी गई है।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का शुभारम्भ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर में मोती डूंगरी स्थित साइबर पुलिस थाना के सामने बने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का फीता काटकर शुभारम्भ किया। मंत्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में सभी जिलों में मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह खोलने की घोषणा की थी जिसकी अनुपालना में आज इस पुनर्वास गृह का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास गृह में बेघर, वृद्धजन, असहाय/निराश्रित व्यक्ति व कामकाजी महिलाओं को आवास व भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास गृह में रहने वाले सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य, भोजन, कपडे, मनोरंजन आदि की सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जावेगी। साथ ही स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया जावेगा। मंत्री जूली ने पुनर्वास गृह का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को उत्कृष्ट बताया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत इस मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का संचालन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से अपना थियेटर अलवर संस्था अजमेर के माध्यम से किया जाएगा।

इस पुनर्वास गृह की क्षमता 75 लोगों के लिए है। इस पुनर्वास गृह में भोजन, आवास, स्वास्थ्य, मनोरंजन आदि की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान में आवास के लिए महिला की आयु न्यूनतम 55 वर्ष और पुरुष की आयु 60 वर्ष हो और कार्य करने में पूर्ण तरह असमर्थ हो, राजस्थान राज्य के मूल निवासी हो एवं आजीविका चलाने में असमर्थ को प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला जो एकलनारी, विधवा, तलाकशुदा परित्यक्ता आदि हैं और जिनके परिवार या निकटतम सदस्य अलवर शहर में निवास नहीं करते हो को, ऐसे पुरुष या महिला जो संतानहीन है और स्वयं के परिवार से प्रताड़ित हैं एवं अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ है, संक्रामक या असाध्य रोग से पीड़ित है मानसिक व बौद्धिक रूप से अक्षम है जिन की देखभाल करने वाला कोई नहीं है उन व्यक्तियों को इस गृह में प्रवेश दिया जाएगा।

पुनर्वास गृह के पहले लाभार्थी का साफा व माला पहनाकर किया अभिनन्दन मंत्री जूली ने पुनर्वास गृह के पहले लाभार्थी श्री अशरफ खान का साफा व माला पहनाकर अभिनन्दन किया। इस पर श्री अशरफ खान काफी अभिभूत नजर आए। साथ ही उसने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं बिल्कुल घर जैसी है। सरकार हम जैसे व्यक्तियों के लिए सहारा बनी है। उन्होंने संचालक संस्थान अपना थियेटर अलवर के पदाधिकारियों का भी माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पेमाराम सैनी व संचालक संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेमप्रकाश शर्मा ने किया।

## शहर विधायक संजय शर्मा ने राजकीय विद्यालय का किया लोकार्पण

*गाँधी नेशनल उच्च प्राथमिक विद्यालय, बुध विहार में किया कक्षा कक्ष का लोकार्पण*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/अलवर।** बुध विहार स्थित राजकीय गाँधी नेशनल उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में शहर विधायक संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि कोष (राशि सात लाख) से निर्मित कक्षा कक्ष का विद्यालय की एक बालिका से अनावरण पट्टिका से पर्दा हटवा कर लोकार्पण कराया ।लोकार्पण के अवसर पर शहर विधायक संजय शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गणों एवं डॉ गोपाल राय चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के व बालिकाओं के हितों के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस विद्यालय की तमाम व्यवस्थाओं के लिए और बालक बालिकाओं के हितों के लिए मैं सदैव सेवार्थ हेतु दृढ़ संकल्पित हूं। कार्यक्रम दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सुश्री अंजना सचदेवा ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विद्यालय की बालिकाओं की उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा ।लोकार्पण से पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर शाला की बालिकाओं द्वारा शहर विधायक संजय शर्मा सहित पधारे सभी अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया ।इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शहर विधायक संजय शर्मा सभापति घनश्याम गुर्जर सहित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत दौरान विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गान सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी ।इस अवसर पर शहर विधायक संजय शर्मा व भामाशाह सुनिल मेंठी द्वारा विद्यालय के बालक बालिकाओं को कॉपी पेन पेंसिल रबर कटर सेट भी भेट किए। इस लोकार्पण के अवसर पर सभापति घनश्याम गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता,मंडल अध्यक्ष रवि यादव, हरीश अरोड़ा,अनिता जोशी अनिता गर्ग,विष्णु स्वामी,राजेंद्र कुमार पार्षद जितेंद सैनी सतीश यादव अशोक पाठक शीला जांगिड़ सीताराम चौधरी सुमन चौधरी अविनाश खंडेलवाल देवेंद्र कुमार राम अवतार शर्मा रमेश सैनी नरेंद्र शर्मा दुलीचंद सेन सुनील मेठी केके मदान राजेंद्र शेखावत अविनाश गुप्ता नवीन खंडेलवाल अरुण जैन कपूरचंद शर्मा पंडित जले सिंह मोनू यादव सागर यादव विजय जाटव त्रिजुगीनारायण गुप्ता महेंद्र शर्मा ओम प्रकाश शर्मा दीपक गुप्ता कमलकांतजांगिड़ मनीष शर्मा संजय डाटा अजय शर्मा सतीश सोलंकी रामानुज शर्मा जय कृष्ण शर्मा रविन्द्र गर्ग महेश शर्मा श्याम यादव,दिलीप नरुका,मुकेश तिवाड़ी सहित हरमेश मेहंदीरत्ता निशा शर्मा मंजू अरोड़ा हेमलता शर्मा प्रवीण तंवर आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना सचदेवा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निशा शर्मा द्वारा किया गया।

## युवाओं की भागीदारी से भारतीय लोकतंत्र अधिक मजबूत होगा : सरोज

### विद्यार्थियों और मतदाताओं को किया जागरूक





सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।** निर्वाचन आयोग के निर्देश और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दांतारामगढ़ के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार को स्वीप रथ दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र लाडपुर और अलोदा के राउमावि तथा सरदार पटेल महाविद्यालय अलोदा में पहुंचा जहां विद्यालय और कालेज प्रशासन द्वारा प्रभारी सहित स्वीप टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया । दांतारामगढ एम डी वी प्रभारी राजेंद्र सरोज ने उपस्थित विद्यार्थियों और मतदाताओं को प्रधानाचार्य कैलाश चंद वर्मा, प्रधानाचार्य सुमन कुमारी तथा प्रबंध निदेशक नारायण बुरडक, प्राचार्य राजकुमार शर्मा,शिवनारायण के सानिध्य में आयोजित विद्यालयों एवम्कालेज के कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित, मतदान योग्य हो चुके छात्र, छात्राओं के समक्ष ई वी एम प्रदर्शन किया गया जिसमे ई वी एम द्वारा मतदान करने, मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़ाने की निर्धारित आयु, वी वी पेट मशीन से मतदाता की अपने वोट की संतुष्टि के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और उपस्थित कार्मिको द्वारा मॉक पोल भी करवाया जिसमें मांगीलाल नोगिया, अलोदा में बलबीर राबिया,महेश शर्मा,बनवारी लाल हरितवाल, पूर्व प्रधानाध्यक फूलचंद वर्मा, सहित उपस्थित महिला कार्मिको ने कालेज में सीताराम शर्मा और उपस्थित महिला कामिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रभारी सरोज ने सभी उपस्थित लोगों को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि युवा देश की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं ।कालेज में ई वी एम प्रदर्शन के दौरान युवा और नव मतदाताओं के रूप में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया गया साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया ।उपस्थित नव मतदाताओं के रूप में 97 विद्यार्थियों और स्टाफ ने मॉक पोल किया ।इस अवसर पर सहायक प्रभारी इंसाफ अली तथा सुरक्षा कार्मिक रामसिंह,रघुवीर आदि मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## डॉक्टर शिवचरण कुशवाह भाजपा में सच्चे सिपाही की तरह कार्य करेंगे - श्रवण कुमार वर्मा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** आज दिनांक 28 जुलाई 2023 को जिला कार्यालय भारतीय जनता पार्टी धौलपुर पर डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा भाजपा जिला कार्यालय धौलपुर पर जिला अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों से मिलने पहुंचे उन्होंने समस्त कार्यकताओं को माला पहनाई कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा द्वारा उनको मिठाई खिलाकर भाजपा का पटका डालकर स्वागत किया गया जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि शिवचरण कुशवाहा का भाजपा परिवार में स्वागत है हमें उम्मीद है कि शिवचरण कुशवाह भाजपा की रीति नीति के अनुसार पार्टी हित में एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करेंगे शिवचरण कुशवाहा ने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं प्रदेश नेतृत्व के समक्ष मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा की रीति नीति से मैं बहुत प्रभावित हूं मैं भाजपा में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुआ हूं प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के अनुसार में भाजपा में कार्य करता रहूंगा उपस्थित सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को डॉक्टर को स्वामी धन्यवाद दिया ' कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया सह प्रभारी डॉ मनोज शर्मा, कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र घुरैया, अनमोल बंसल, बहादुर सिंह लोधा, गजेंद्र सिंह कुशवाह, जिला मंत्री विनय परमार रामप्रसाद बघेला राधाचरण शर्मा, उदयवीर सिंह द्वारका प्रसाद, कमल मित्र वंदना शिवहरे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## पेपर लीक से राजस्थान के युवा परेशान नहीं सहेगा राजस्थानः- महेंद्र कोली



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बसेड़ी/अंकित गोयल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व जिला नेतृत्व नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत विधानसभा बसेड़ी में बसेड़ी शहर मंडल के द्वारा एफ आई आर कैनोपी लगाकर जनता की शिकायत और समस्याएं 190 दर्ज की गई जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली कटौती की समस्या सड़कों में भ्रष्टाचार राजस्थान के युवा परेशान आरपीएससी पेपर लीक राजस्थान का किसान परेशान सड़कों में भ्रष्टाचार दलितों पर अत्याचार हिंदू विरोधी नीति त्योहारों पर धारा 144 लगाना और प्रशासन का एक भी महकमा ऐसा नहीं है कि उसमें भ्रष्टाचार नहीं होता हो आम आदमी परेशान है बिना पैसे के कोई काम भी नहीं हो सकता इसलिए इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को 2023 के विधानसभा चुनाव में उखाड़ कर फेंकना है इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भैरोसिंह परमार विस्तारक गजेंद्र चौधरी विधानसभा संयोजक ओमकार कटारा महामंत्री रामलखन परमार महामंत्री महेंद्र कोली भानु प्रताप सिंह पीयूषशर्मा गोपाल कोली श्रीनिवास दिवाकर युवा मोर्चा संयोजक बनवारी जाटव भीकम कोली रामबीर कोली राघवेंद्र जाटव पातीराम सुमेरा कोली राजेंद्र जाटव मनोज परमार पिंटू सरपंच सत्यपाल गुर्जर श्याम सुंदर दिनेश मातादीन श्रीचरण शर्मा रामू परमार महावीर व्यास राहुल शाक्य श्याम सिंह कुमारपाल राजेंद्र कोली विजेंद्र कोली फतेह सिंह कोली मुन्ना कोली देवीचरण और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वैष्णव ब्राह्मण समाज का प्रांतीय अधिवेशन व आमसभा आगामी 29 व 30 जुलाई को

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल।** जिला अध्यक्ष गजानन स्वामी ने बताया कि वैष्णव ब्राह्मण समाज का प्रांतीय अधिवेशन व आमसभा आगामी 29 व 30 जुलाई को वैष्णव ब्राह्मण समाज धर्मशाला पुष्कर में आयोजित होने जा रही है अतः वैष्णव ब्राह्मण समाज जयपुर संस्था के सभी संरक्षक,आजीवन, विशिष्ट सदस्यो को सूचित किया जाता है की धार्मिक भावनाओं को देखते हुए सावन मे अधिकमास के शुभ अवसर पर वैष्णव बन्धु एकादशी पर पुष्कर में स्नान कर सके और प्रांतीय संस्था के विस्तार हेतु वैष्णव बंधुओ को अधिक से अधिक प्रांतीय संस्था से जोड़ने व आगामी प्रस्तावित पुजारी महाकुम्भ हेतु मंदिर माफी भूमि पर विचार विमर्श किया जायेगा साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा महिला कार्यकर्ता ने कॉन्स्टेबल को मारे थप्पड़ः सिविल ड्रेस में तैनात था

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता ने सिविल ड्रेस में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कॉन्स्टेबल को चांटे जड़ दिए। महिला कार्यकताओं का कहना था कि कॉन्स्टेबल ने उनके साथ अभद्रता की। भाजपा महिला मोर्चा का आज खाद्य मंत्री और सिविल लाइंस विधायक प्रताप सिंह खाचरियावास के सरकारी आवास पर प्रदर्शन का कार्यक्रम था। पुलिस ने महिला कार्यकताओं को हवा सड़क के पास ही बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता वहीं पर प्रदर्शन करने लगीं। प्रदर्शन के दौरान जब महिला कार्यकर्ता बैरिकेड्स को हटाने की कोशिश कर रही थीं। उसी समय पुलिस और महिला कार्यकताओं में धक्का-मुक्की हो गई। इसके बाद अचानक कुछ महिला कार्यकर्ता पुलिस कॉन्स्टेबल के साथ उलझ गईं। देखते ही देखते महिला कार्यकर्ता रजनी पांडे ने पुलिस कॉन्स्टेबल को चांटे जड़ दिए। अचानक हुए इस घटनाक्रम के बाद अन्य पुलिसकर्मी बीच बचाव करने पहुंचे। उन्होंने कॉन्स्टेबल को वहां से हटाया। भाजपा के 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रदेशभर में कांग्रेस विधायकों के घर के बाहर महिला अत्याचार और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर प्रदर्शन कर रही हैं।

# जिले में ट्रेन वाले स्कूल के नाम से चर्चित शेरपुर स्कूल अब अंग्रेजी माध्यम में होगा संचालित अभिभावकों व शिक्षकों ने जताई खुशी

### मिठाई बांटकर अंग्रेजी मीडियम में रूपांतरित कराने पर राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा का जताया आभार

### वर्तमान शैक्षिक सत्र में ही कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा लेने का मिलेगा अवसर





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** धौलपुर जिले में ट्रेन वाले स्कूल के नाम से चर्चित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरपुर अब अंग्रेजी माध्यम के रूप में संचालित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से राजाखेड़ा विधायक रोहित बौहरा के प्रयासों से शेरपुर सहित राजाखेड़ा विधानसभा के 8 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित करने के आदेश जारी किए हैं। रूपांतरित किए गए स्कूलों में वर्तमान शैक्षिक सत्र में ही कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा लेने का अवसर मिलेगा शेरपुर स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित होने के आदेश जारी होने के बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा सहित शिक्षकों व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए बधाई दी ग्रामीणों ने शेरपुर को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित कराने पर क्षेत्रीय विधायक रोहित बोहरा का आभार जताया।

इस दौरान पंचायत समिति सदस्य नत्थीलाल कुशवाहा ने कहा कि प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने समय समय पर अपने वेतन व भामाशाहों के सहयोग से स्कूल में बेहतरीन शिक्षा का माहौल एवं विकास कर सरकारी स्कूलों के लिए नजीर पेश की है। उन्होंने कहा कि राजेश शर्मा जैसे शिक्षक हर सरकारी स्कूल में हो तो निजी स्कूलों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। समाजसेवी डॉ.अतर सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में शुरू करने की बेहतरीन योजना है। इससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का मौका मिलेगा। स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खरगजीत बघेल ने उज्जैन राजेश शर्मा के समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों व स्कूल भवन की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे ,ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की सुविधा प्रदान की है। कक्षा कक्षों में छात्रों के बैठने के लिए आकर्षक फर्नीचर, पढ़ने हेतु स्मार्ट टीवी की व्यवस्था की गई हैं।

यही नहीं स्कूल को ट्रेन ,हेरिटेज लाइब्रेरी की विशेष आकार में तब्दील कराकर आकर्षक रंग रूप देकर खेलने के लिए गार्डन व सरस्वती मैया का सुंदर मंदिर भी बनवाकर अनुकरणीय कार्य किया है इस मौके पर साहब सिंह वकील, रामफूल, दीवान सिंह ,रामेश्वरसिंह भगत,ओमप्रकाश टेलर ,बहादुर सिंह, संस्था प्रधान राजेश शर्मा, अध्यापक सौरभ राजपूत राजेश कुमार शर्मा, रेखा मीणा रागिनी त्रिवेदी ,तराना देवी ,गौरव बघेल ,हेमंत ,राहुल बघेल, मोंटी बघेल, सुनील सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे एवं दो नए अतिरिक्त कक्षा कक्ष भी हुए स्वीकृत जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू, स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विधायक रोहित बौहरा की अभिषंषा पर सरकार की ओर से दो नए अतिरिक्त कक्षा कक्ष भी स्वीकृत किए गए हैं समग्र शिक्षा अभियान की ओर से इनके टेंडर जारी किए जा चुके है। विभाग की ओर से वर्क आर्डर जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही दो कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य शुरू होने से छात्रों के लिए स्कूल में कमरों की कमी भी दूर हो जायेगी

## राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति ब्लॉक सरमथुरा ने 11 सूत्री मांगों को लेकर नर्सिंग कर्मियों ने क्षेत्रीय विधायक एवं उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति धौलपुर में ब्लॉक सरमथुरा में आशाराम मीना एवं सुरेन्द्र मीना के नेतृत्व में दिनांक 28/07/2023, शुक्रवार को, बसेड़ी विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा, एवं सरमथुरा उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव को प्रदेश भर में चल रही नर्सेज कर्मियों की हड़ताल स्वास्थ्य कर्मियों ने 11, सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई। कहा कि प्रदेश में करीब एक लाख एएनएम व अन्य संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। गत दो वर्षों से कोविड-19 वैश्विक महामारी व टीकाकरण के महत्वपूर्ण कार्यों में निरंतर अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। संविदा कर्मचारियों से प्रत्येक राजकीय व साप्ताहिक अवकाश में भी लगातार विभागीय कार्य लिया जा रहा है। इसके बावजूद भी उनकी लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। मांग करते हुए कहा कि विनियमितीकरण एवं समायोजन, वेतन पालिसी एवं वेतन विसंगति, सातवां वेतन आयोग का लाभ एवं जॉब सिक्योरिटी, रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण, आउट सोर्स नीति, बीमा पालिसी व आशा बहुओं को नियत मानदेय आदि मांगों को पूरा किया जाए। इस मौके पर राकेश कुमार बंसल, सुरेन्द्र सिंह, आशाराम मीना, राजू कांकरैट, काशीराम, आशीष, कमल, लोकेंद्र, फूलवती, सीमा, सुमित्रा, सुमन, सुनीता, मंजीत, बबिता तथा सरमथुरा, बरौली, बड़ागांव, आंगई, झिरी, गौलारी, पीएचसी पर कार्यरत समस्त नर्सिंग कर्मी मोजूद रहे

### ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव

## 16 प्रतियोगिताओं में 253 प्रतिभागियों ने भाग लिया

### प्रथम आने वाली छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड मुख्यालय पर आदित्य महाविद्यालय, में ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का शुक्रवार को आयोजन किया गया। 15 से 29 आयु वर्ष के युवाओं ने कुल 398 संभागियों ने आवेदन किया गया जिसमे से 16 प्रतियोगिताओं में 253 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए निर्णायक चयन समिति द्वारा चयन किया गया। जिसमे समूह चर्चा मे प्रथमस्थान मंगलराम महावर, हारमोनियम में प्रथम स्थान नीरज राव, मार्शल आर्ट में ज्योति महावर, शास्त्रीय एकल नृत्य में मनीषा महावर, सामूहिक गायन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा, मांडणा में पाना मीणा, कविता स्लोगन लेखन में कोमल प्रजापत, क्लासिकल इन्स्ट्रूमेंटल सोलो में संजना मीना, इलो आशुभाषण में हितांशु मीना, योगा में कार्तिक पटेल, सामूहिक लोक नृत्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा, क्लासिकल वोकल सोलो में अर्चना मीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. मोहनलाल मीना, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका रामगढ़ पचवारा चैयरमेन घनश्याम खरीक, अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ पचवारा मोहर सिंह मीना ने की। सीबीईओ रामगढ़ पचवारा ने कलाकारो की कला को सराहा, साथ ही उपखण्ड अधिकारी ने युवा महोत्सव की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और बताया कि ऐसे आयोजनो से ग्रामीण क्षेत्रो से कलाकारों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय सभी प्रधानाचार्य ने भाग लिया जिसमे नोडल प्रधानाचार्य रामावतार मीना, की सहभागिता में सुरेश सैनी, गिर्राज मीणा, विकाश गौतम, मूलचन्द्र महावर, राकेश स्वामी व स्काउट सचिव- श्रीकान्त शर्मा, राजूलाल मीना ने राजा युवा महोत्सव 2023 को सफल सम्पन्न कराया।

# विभिन्न लोक कलाओ का हुआ प्रस्तुतिकरण, राजस्थान युवा महोत्सव के आयोजन का हुआ उद्घाटन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल।** राजस्थान युवा बोर्ड ( युवा मामलें एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार ) के आदेशानुसार राजस्थान युवा महोत्सव के आयोजन का उद्घाटन शुक्रवार को रा.बा.उ.मा.वि.छावनी रोड ब्यावर में विधायक शंकर सिंह रावत के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वही अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा कैलाश चन्द और विशिष्ट अतिथि नरेश कनोजिया सभापति नगर परिषद ब्यावर भामाशाह सेठ शान्ती लाल नाबरिया, अर्जुन कृपलानी से.नि. प्राचार्य, राम पंजाबी, रमेश यादव, प्रो. दीपाली लाल, द्वारा किया गया।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य डॉ. सीमा कृपलानी ने बताया कि इस ब्लॉक स्तरीय आयोजन में कुल 32 प्रतियोगिताओं में सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम नाजमीन एण्ड ग्रुप, द्वितीय जीना एण्ड ग्रुप. तृतीय लक्षिता एण्ड ग्रुप, सामूहिक लोक गायन में प्रथम विष्णु प्रसाद, द्वितीय मिताली, तृतीय अजय, नाटक में प्रथम ब्यावर खास द्वितीय बालिका छावनी, तृतीय बालिका डिग्गी, शास्त्रीय नृत्य कत्थक में प्रथम स्थान पर नाजबीन बानो, द्वितीय काव्यांशी गर्ग तृतीय पायल, भरतनाट्यम में प्रथम हेमलताश्री, द्वितीय अदिति, तृतीय सेजल, ओडिसी, मणिपुरी, कुचिपुडी, शास्त्रीय एकल गायन (हिन्दुस्तानी गायन) प्रथम भावना सोनी, द्वितीय अलंकार गोस्वामी, तृतीय सलोनी गहलोत, आशु भाषण में प्रथम अक्षी दाधीच, द्वितीय मनीष राकांवत, तृतीय गुनगुन प्रजापती, समूह चर्चा (पैनल डिस्कशन) में प्रथम वीरेन्द्र यादव, द्वितीय रितु सोलंकी, तृतीय अन्वी मेहता, स्लोगन कविता लेखन में प्रथम दुर्गा, द्वितीय पूजा रावत, तृतीय राजश्री, शास्त्रीय वाद्य यन्त्र, सितार, बांसुरी में प्रथम अलंकार गोस्वामी, द्वितीय किशोर प्रजापति, तबला वादन में प्रथम सुनील भाटी, हारमोनियम में प्रथम विष्णु प्रसाद, द्वितीय निश्चय कच्छावा, गिटार में प्रथम स्वम अरोडा, चित्रकला ( पोस्टर बनाना) में प्रथम नेहा कृपलानी, द्वितीय समीर वर्मा, तृतीय हर्षिता, मिट्टी माडलिंग में प्रथम अर्चना द्वितीय लतिशा, तृतीय मुस्कान, भित्ति चित्र में प्रथम टिविंकल नायक, लुप्त एवं दुर्लभ कला (रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा माण्डणा) में प्रथम गुडिया, द्वितीय भारती, पंवार तृतीय हस्यता, भित्ति चित्र, कठपुतली में प्रथम दिव्या फड में प्रथम गौरी चौधरी, खडताल में प्रथम कविता देवी, मोरचंग में प्रथम यश त्रिपाठी, भपंग में प्रथम अलंकार गोस्वामी रहे ।महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण पारस पंच जैन पीसीसी सदस्य अशोक रांका ब्लॉक अध्यक्ष ब्यावर, धर्मेन्द्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जवाजा, कल्पना भटनागर पीसीसी सचिव, सोहन मेवाडा, कैलाश चन्द मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र तुनगरीया, अजय स्वामी, मेघराज बोहरा, संतोष सांखला, घनश्याम फुलवारी, शम्भु यादव पार्षदगण, संयोजक एवं प्रधानाचार्य डॉ. सीमा कृपलानी, महेश शर्मा, दिनेश कुमार, नीतू विजय, हेमलता चौहान, निधि चौहान, अर्चना पाटनी, सुनिता चौधरी, रोहित जैन, अर्जुन सिंह कैन, आशा संत, नेमीचन्द यादव, नारायण सिंह पंवार, मीरा वर्मा, राजू गहलोत, पूजा वासवानी, कीर्ति माला अग्रवाल, सविता शर्मा, प्रशांत विजय, रामजी लाल मीणा एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। प्रथम, द्वितीय तृतीय सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये । समारोह का संचालन प्रधानाचार्य सुनिता चौधरी एवं उप प्रधानाचार्य गुरूशरण गोयल ने किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# एशियाड : सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर एशियाई खेलों में तभी खेल पाएंगी अगर टीम 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरु होने वाले महाद्वीपीय खेलों के फाइनल में पहुंच जाए।

पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में चार टीमें एक जून को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बदौलत भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश सीधे अंतिम आठ चरण से खेलेंगी।

### मिलेगा टी20 दर्जा

*सभी मैचों का आधिकारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय दर्जा होगा। हरमनप्रीत पर हाल में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में सार्वजनिक तौर पर अंपायरिंग की आलोचना करने के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगा हुआ है। वह क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाएंगी जो निश्चित रूप से एसोसिएट देश के खिलाफ होगा जिसके बाद पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ सेमीफाइनल में भी वह मैदान में नहीं उतर पाएंगी।*

## टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बदौलत मिला फायदा

### पुरुष स्पर्धा में 18 टीमें

ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली पुरुष टीम को एक जून तक आईसीसी टी20 रैंकिंग के आधार पर क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला है। पुरुष स्पर्धा में 18 टीम होंगी जबकि महिलाओं के वर्ग में 14 टीम खेलेंगी।




### लगातार तीन दिन खेलना होगा

महिलाओं की स्पर्धाएं 19 सितंबर से शुरु होंगी और 26 सितंबर को स्वर्ण और कांस्य पदक के मैच के साथ खत्म होंगी। पुरुष स्पर्धा 28 सितंबर को शुरु होंगी और फाइनल सात अक्टूबर को खेला जाएगा जो अहमदाबाद में पुरुष आईसीसी 50 ओवर के विश्व कप के शुरु होने के एक दिन बाद होगा। अगर भारतीय क्रिकेट टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं तो उन्हें लगातार तीन दिन पांच अक्टूबर (क्वार्टर फाइनल), छह अक्टूबर (सेमीफाइनल) और सात अक्टूबर (फाइनल) खेलना होगा।

### दूसरे दर्जे की टीमों से मैच

पूरी संभावना है कि भारत का क्वार्टर फाइनल अफगानिस्तान या बांग्लादेश की दूसरे दर्जे की टीम से होगा क्योंकि दोनों देशों की मुख्य टीम भारत में उस समय चल रहे विश्व कप में होंगी। पूरी संभावना है कि पुरुष टीम उद्घाटन समारोह शुरु होने से पहले खेल गांव पहुंचेगी क्योंकि उनका अभियान शुरु होने से पहले करीब दो हफ्ते का समय होगा। साथ ही बीसीसीआई ने पुष्टि नहीं की है कि क्रिकेट टीम खेल गांव में ठहरेंगी या फिर शहर के पांच सितारा होटल में।

### कुल 32 मैच होंगे

हांगझोउ खेलों में पुरुष और महिला स्पर्धाओं में कुल 32 मैच होंगे जिसमें से 18 पुरुष और 14 महिलाओं के मैच होंगे। भारतीय टीम अगर फाइनल तक खेलती है तो उसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से मैच खेलने होंगे।

महिला विश्व कप

# जेम्स के गोल से इंग्लैंड ने डेनमार्क को 1-0 से हराया




एजेंसी ▸▸| सिडनी

लॉरेन जेम्स के छठे मिनट में किए गोल की मदद से यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां महिला विश्व कप के मैच में डेनमार्क को 1-0 से पराजित किया। स्थानापन्न खिलाड़ी एमेली वांग्सगार्ड बराबरी गोल करने के करीब पहुंची लेकिन इंग्लैंड ने उन्हें रोककर लगातार जीत दर्ज की। इस फॉरवर्ड ने ग्रुप डी के शुरुआती मैच में चीन के खिलाफ 90वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी।

इस जीत से इंग्लैंड की टीम इस टूर्नामेंट में नार्वे के लगातार 15 मैचों में गोल करने के रिकॉर्ड के बराबर पहुंच गई। इंग्लैंड की टीम इस जीत से ग्रुप डी से अगले दौर में पहुंचने के करीब भी पहुंच गई है और अब अंतिम ग्रुप मैच में उसका सामना एडीलेड में चीन से होगा जबकि डेनमार्क की भिड़ंत पर्थ में हैती से होगी।

## अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका से ड्रॉ खेला




**डुनेडिन।** अर्जेंटीना ने पांच मिनट के भीतर दो गोल करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला फुटबॉल विश्व कप का मैच 2-2 से ड्रॉ करा लिया। इस ड्रॉ से दोनों टीमों को ग्रुप जी में एक-एक अंक मिल गया है। स्वीडन और इटली तीन तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं और दोनों का शनिवार को सामना होगा। करीब 8834 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में अर्जेंटीना के लिए सोफिया ब्राउन ने 74वें और रोमिना नुनेज ने 79वें मिनट में गोल दागा। दक्षिण अफ्रीका के लिए लिंडा एम ने 30वें और थेम्बी गातलाना ने 66वें मिनट में गोल किए।

## खबर संक्षेप



### भारत ने इंग्लैंड को बराबरी पर रोका

**बार्सिलोना।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सैम वार्ड ने मैच के पांचवें मिनट में इंग्लैंड के लिए शुरुआती गोल किया, वहीं भारत ने 29वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह के गोल से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इस ड्रा मैच के बाद भारत रविवार को होने वाले फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

### टीम में नहीं चुना जाना मेरे लिए सामान्य बात

**ब्रिजटाउन।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि मौके गंवाने पर दुखी होने की बजाय हर मौके का फायदा उठाना बेहतर है।



कुलदीप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में तीन ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज किए। कुलदीप ने कहा, 'अधिकांश समय मुझे हालात और टीम संयोजन की वजह से खेलने का मौका नहीं मिलता। अब यह सामान्य बात है। मैं इतने साल से क्रिकेट खेल रहा हूं। अब छह साल से अधिक हो गए। ये चीजें सामान्य हैं।'

### गोलपोस्ट के पास मौकों को भुनाना होगा : कोच

**चेन्नई।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य को थॉमस डेनेरबी ने कहा कि टीम को एशियाई खेलों और एशियाई क्वालीफाइंग



चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मौकों को गोल में बदलने के साथ 'एटैकिंग थर्ड (गोल पोस्ट के सामने)' में अपने खेल में सुधार करना होगा। डेनेरबी ने कहा, 'हमें गोल पोस्ट के करीब अपने मौके को भुनाना होगा। हमने हाल के मैचों में गोल करने के बहुत सारे मौके बनाए अधिक गोल नहीं कर पाए।' डेनेरबी ने एआईएफएफ की वेबसाइट से कहा कि उनकी टीम को भी अपनी रक्षात्मक संरचना को मजबूत करने की जरूरत है।

### पराग के शतक से जीता पूर्व क्षेत्र



**पुडुचेरी।** रियान पराग के शानदार शतक और उसके बाद चार विकेट की मदद से पूर्व क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां उत्तर क्षेत्र को 88 रन से हराकर देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पराग ने 102 गेंदों पर पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। कुमार कुशाग्र (98) के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 235 रन की साझेदारी की जिससे पूर्व क्षेत्र ने आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उत्तर क्षेत्र की टीम 45.3 ओवर में 249 रन पर आउट हो गई।

क्रिकेट

*वनडे : वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच का प्रसारण शाम 7 बजे*

# लगातार 10वीं जीत पर नजर श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▸▸| बारबडोस

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को दूसरे वनडे में लगातार 10वीं जीत दर्ज करने उतरेगी। बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने पर भारत की नजर होगी। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को पहले वनडे में मध्यक्रम बल्लेबाजों को दूसरे सत्र में टर्न लेती पिच पर आजमाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा लेकिन लक्ष्य महज 115 रन का था तो टीम ने आराम से इसे हासिल कर लिया।

कोई भी पक्के तौर पर कह सकता है कि अगर भारत को फिर इतने छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़े तो भी रोहित खुद शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेलेंगे। पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी से प्रभावित करने के बावजूद ईशान किशन को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो उन्हें श्रीलंका में एशिया कप के दौरान इस जगह को खाली करना होगा।



### टीम संयोजन पर ज्यादा प्रयोग नहीं

*आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में आठ अक्टूबर को शुरुआती विश्व कप मैच से पहले बस 11 और मैच बचे हैं तो भारत का लक्ष्य एक संतुलित संयोजन पर अडिग रहने का होगा इसलिए ज्यादा प्रयोग करने पर शायद जोर नहीं दिया जाए।*

### पिच से मिलेगा अभ्यास

*भारतीय बल्लेबाजों टर्न लेती पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ धाकड़ बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन अगर पहले वनडे जैसी परिस्थितियों में ऐसा करना पड़े तो यह टीम के लिए इतनी खराब परीक्षा भी नहीं होगी। चेन्नई और लखनऊ जैसे स्थल स्पिनरों के लिए मददगार होंगे और विदेशी हालात में इसी तरह की पिचों पर कुछ अभ्यास करना हमेशा अच्छा ही साबित होगा। घरेलू मैदान पर इसी तरह की पिचों की उम्मीद कर सकते हैं।*

### सूर्या फार्म में करेंगे वापसी

*सूर्यकुमार यादव के लिए अपनी टी20 फॉर्म को 50 ओवर के क्रिकेट में दोहराना निहायत जरूरी होगा। गुरुवार को उनके पास सुनहरा मौका था और वह अच्छी लय में भी दिख रहे थे लेकिन मोती की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने से उनकी पारी खत्म हो गई। सूर्यकुमार जानते हैं कि अगर श्रेयस अय्यर फिट हो जाते हैं और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो अंतिम एकादश में उनके स्थान पर खतरा मंडरा सकता है जिससे उनके लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा।*

# देवधर ट्राफी : दक्षिण ने पूर्वोत्तर को हराया, तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी ▸▸| पुडुचेरी

दक्षिण क्षेत्र ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को यहां देवधर ट्राफी के मैच में पूर्वोत्तर की टीम को नौ विकेट से पराजित कर दिया।

विद्वथ कावेरप्पा और आर साई किशोर की अगुआई में दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम को महज 136 रन पर समेट दिया जिसने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। दक्षिण क्षेत्र को इस लक्ष्य तक पहुंचने में



महज 19.3 ओवर लगे जिसमें सलामी बल्लेबाज रोहन कुनुम्मल ने नाबाद अर्धशतक (87 रन) जड़ा। इस जीत से दक्षिण क्षेत्र की टीम ने 12 अंक से अंक तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। साथ ही बेहतर नेट रन रेट से भी उन्हें मदद मिली।

इस मैच में दक्षिण क्षेत्र ने विद्वथ और अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी जोड़ी को लगाया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन को वासुकी कौशिक की जगह टीम में शामिल किया गया। अर्जुन ने भी आते ही सलामी बल्लेबाज अनूप अहलावत को आउट कर प्रभावित किया।

### चीन ने हैती को 1-0 से हराया

**एडिलेड।** चीन ने एक घंटे से अधिक समय तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद शुक्रवार को यहां हैती को 1-0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। फारवर्ड वांग शुआंग ने 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला । यह विश्व कप में उनका पहला गोल है। महिला विश्व कप के इतिहास में यह दूसरा अवसर है जबकि किसी टीम में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए जीत हासिल की। इससे पहले ऐसा 2011 में हुआ था। चीन के डेनमार्क के समान तीन अंक हो गए हैं और वह अभी नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ में बना हुआ है।

## पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| पोर्ट मोरेस्बी

*पापुआ न्यू गिनी ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से यह एकमात्र टीम है और टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली 15वीं टीम बन गई है। पापुआ न्यू गिनी ने शुक्रवार को फिलीपीन को 100 रन से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने*




*पर पापुआ न्यू गिनी ने छह विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में फिलीपीन की टीम 129 रन पर आउट हो गई। पांच मैचों के बाद पापुआ न्यू गिनी तालिका में शीर्ष पर रही। अब जापान के खिलाफ शनिवार को उसका मैच औपचारिकता मात्र रह गया है। बीस टीमों के इस टूर्नामेंट में अभी पांच टीमों का चयन बाकी है। एक टीम बरमूडा में होने वाले अमेरिकी क्वालीफायर से, दो दो टीमें एशिया और अफ्रीका क्वालीफायर से चुनी जाएंगी जो क्रमशः नेपाल और नामीबिया में होंगे।*

# लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग, प्रणय हारे



एजेंसी ▸▸| टोक्यो

भारत के लक्ष्य सेन ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि एच एस प्रणय और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी हारकर बाहर हो गई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 33वीं रैंकिंग वाले वातानाबे को 21-15, 21-19 से शिकस्त दी। सेन का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन ने 19-21, 21-18, 21-8 से हराया। फॉर्म में चल रही सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक चैंपियन चीनी ताइपै के ली यांग और वांग चि लान ने 21-15, 23-25, 21-16 से मात दी। इसके साथ ही उनका लगातार 12 मैच का विजय अभियान भी खत्म हो गया।

एशियाड को लेकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ आश्वस्त

# छेत्री और स्टिमक की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के हाल के शानदार प्रदर्शन और इस खेल के प्रति लोगों की बढ़ती दिलचस्पी ने ही पुरुष और महिला टीमों को आगामी एशियाई खेलों में शामिल करने के लिए पेरित किया। हांगझोउ खेलों में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की भागीदारी पर पहले संशय बना हुआ था क्योंकि पहले खेल मंत्रालय का टीमों को भेजने का मापदंड महाद्वीप में शीर्ष आठ रैंकिंग हासिल करना था। लेकिन खेल मंत्रालय ने बाद में एआईएफएफ की अपील पर दोनों



टीमों के मापदंड में राहत दी। भारतीय पुरुष टीम ने इस साल के शुरु में त्रिकोणीय टूर्नामेंट, इंटरकांटिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप जीती थी। इसकी बदौलत वह फीफा रैंकिंग में पहली बार 99वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही जिससे लगातार सुधार के संकेत दिख रहे हैं। पूर्व भारतीय गोलकीपर चौबे ने कहा, 'हमारे यूट्यूब चैनल पर सैफ चैंपियनशिप की संयुक्त दर्शकों की संख्या में काफी प्रभावशाली तेजी दिखी जिसमें हमारी महिला टीम की ओलंपिक क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में प्रगति भी शामिल थी। यह देखना सुखद है कि पिछले कुछ महीनों में पूरा देश भारतीय फुटबॉल की प्रगति देख रहा है और टीम का समर्थन कर रहा है।

इन सभी ने हमें केंद्र से अपील करने के लिये प्रेरित किया।' भारत इस समय एशियाई फुटबॉल परिसंघ के अंतर्गत देशों में 18वीं रैंकिंग पर काबिज है। लेकिन एशियाई खेलों में 23 प्रतिस्पर्धी देशों में भारत 13वें स्थान पर है क्योंकि इराक, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और जोर्डन इसमें हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

### सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम जाएगी एशियाड

चौबे ने पुष्टि की कि भारत अपनी सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध सीनियर पुरुष टीम उतारेगा जिसके कप्तान करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री होंगे और देश 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चलने वाले एशियाई खेलों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर सकता है। चौबे ने कहा, ''सुनील छेत्री टीम में होंगे, यह सही है। हम दोनों पुरुष और महिला स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम भेजना चाहते हैं। छेत्री टीम की अगुआई करेंगे जिससे हमारी टीम काफी मजबूत होगी। कोच इगोर स्टिमक का अनुभव भी टूर्नामेंट के लिए तैयारियों में अहम रहेगा।'

# हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में जीते रूड, रुबलेव हारे

एजेंसी ▸▸| हैम्बर्ग

कैस्पर रूड ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में चिली के क्रिस्टियन गारिन को हरा दिया जबकि डेनियल अल्टमेयेर ने दूसरे दौर में आंद्रे रूबलेव को मात दी। हैम्बर्ग महिला वर्ग में जर्मनी की नोमा नोहा एकुगी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने मार्टिना ट्रेविसान को 5-7, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना डायन स्नाइडेर से होगा जिसने गत चैंपियन बर्नाडा पेरा को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया।

फ्रेंच ओपन उपविजेता रूड ने 1-6, 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। रूड रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं जबकि गारिन 120वें स्थान पर हैं।



अब उनका सामना फ्रांस के 19 वर्ष के आर्थर फिल्स से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त रूबलेव को डेनियल ने 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना झांग झिचेंग से होगा। पिछले विजेता लोरेंजो मुसेत्ती ने जोजेफ कोवालिक को 3-6, 6-2, 6-4 से मात दी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

शिया तीर्थस्थल के पास रखा बम

# घातक बम विस्फोट हादसे में 6 लोगों की मौत, कई लोग घायल

एजेंसी ▶▶ दमिश्क



सीरिया में शिया तीर्थस्थल सैयदा ज़ैनब मकबरे के पास एक बम विस्फोट में में छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि घातक विस्फोट दमिश्क के दक्षिण में आशूरा के वार्षिक स्मरणोत्सव से पहले हुआ। यहां पर लोग शिया पैगंबर मोहम्मद के नाती इमाम हुसैन की मौत को याद करते हैं। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि इस हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है और हमले में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

### मकबरे के आसपास सुरक्षा कड़े प्रबंध

विस्फोट के बाद अधिकारियों ने शिया इस्लाम में सबसे महत्वपूर्ण 10 दिवसीय आशूरा स्मरणोत्सव के लिए मकबरे के आसपास सुरक्षा कड़े प्रबंध कर दिए थे। एक दिन पहले उसी इलाके में एक कार में हुए विस्फोट में दो नागरिक घायल हो गए थे।

पाक पीएम के सलाहकार का खुलासा

# पाकिस्तानी तस्कर ही भेज रहे हैं भारतीय सीमा पर ड्रोन से ड्रग्स, पाक एजेंसियों को है सारी जानकारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारतीय सीमा में नशा भेजने में पाकिस्तान की ही भूमिका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार ने एक इंटरव्यू में यह बात स्वीकार की है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार मलिक मोहम्मद अहमद खान ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि पाकिस्तान ही भारत में ड्रोन के जरिए ड्रग्स की तस्करी कर रहा है। खान का इंटरव्यू कसूर शहर में हुआ है, जो भारत की पंजाब सीमा के पास है।

अहमद खान ने माना है कि भारत में ड्रग्स भेजने के लिए पाकिस्तानी तस्कर ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह कबूलनामा ऐसे समय पर आया है, जब भारत के सीमावर्ती इलाकों में लगातार ड्रोन्स की गतिविधियां देखी जा रही हैं। मलिक खान ने भारतीय सीमाओं पर हो रही ड्रग्स तस्करी का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत ही डरावना है। उन्होंने बताया, 'हाल ही में यहां दो घटनाएं हुईं, जहां हर ड्रोन के साथ 10 किलो हेरोइन लगी हुई थी और सीमा पार फेंकी गई थी। एजेंसियां इसे रोकने के लिए काम कर रही हैं।' जानकारों के अनुसार तस्कर हेरोइन के लिए पाकिस्तान-भारत सीमा के पास कसूर के बाढ़ प्रभावित इलाकों में ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। कसूर पंजाब के खेमकरां और फिरोजपुर के पास बसा हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि जुलाई 2022 से जुलाई 2023 के बीच सिर्फ फिरोजपुर जिले से ही एनडीपीस एक्ट के तहत 795 एफआईआर दर्ज की गई थीं। अहमद खान ने कबूल किया है कि ड्रोन्स की मदद से पाकिस्तान से भारत में ड्रग्स की तस्करी की जा रही है।

**खास बातें**

- सीमावर्ती इलाकों में कर रहे तस्करी
- एक ड्रोन के साथ 10 किलो हेरोइन
- अकेले फिरोजपुर में 795 एफआईआर दर्ज




### सियासत व फौज के करीबी हैं खान

गौरतलब है कि मलिक मोहम्मद खान कसूर से मेंबर ऑफ प्रॉविंशियल असेंबली यानी एमपीए हैं। वह पाकिस्तान में सियासत और फौज के बेहद करीब हैं। वह पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और मौजूदा सेना के भी काफी करीब हैं। इस बात के खुलासे के बाद अहमद खान की चौतरफा आलोचना की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अनाज डिपो में विस्फोट से 8 लोगों की मौत


**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के पराना प्रांत में एक कृषि-औद्योगिक सहकारी समिति में अनाज डिपो में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई।



विस्फोट की घटना के बाद ढही हुई संरचना के मलबे से खोज करने पर बचावकर्मियों को छह लोगों के शव मिले। इससे पहले पलोटिना शहर में स्थित डिपों में हुए विस्फोट के बाद दो शव पाए गए थे। पराना अग्निशमन विभाग के अनुसार इस दुर्घटना में 10 से अधिक लोग घायल भी हुए है। विस्फोट की आवाज़ मीलों दूर तक सुनी गई और घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

### धार्मिक ग्रंथ की प्रति जलाई, भड़का आक्रोश

**सऊदी अरब।** डेनमार्क के समूह डांस्के पैट्रियट के एक व्यक्ति को पवित्र धार्मिक ग्रंथ का अपमान करते और आग लगाते हुए दिखाया गया है।



जिससे मुस्लिम जगत में आक्रोश भड़क गया है। सऊदी अरब ने पवित्र धार्मिक ग्रंथ के अपमान के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए डेनमार्क की राजधानी में अपने राजदूत को तलब किया। इससे पहले, सऊदी अरब ने स्वीडन में रहने वाले एक इराकी शरणार्थी के विरोध की निंदा की थी, जिसने पिछले महीने स्टॉकहोम की मुख्य मस्जिद के बाहर पवित्र धार्मिक ग्रंथ के पन्ने जलाए थे।

### सिंगापुर में महिला को दी गई फांसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए 45 वर्षीय एक महिला को फांसी दी गई। मौत की सजा पाने वाली महिला का नाम सारिदेवी बिन्ते जामानी था,



जिसे 2018 में नशीली दवा हेरोइन की तस्करी का दोषी पाया गया था। सिंगापुर में करीब बीस साल बाद किसी महिला को सजा ए मौत दी गई है। फांसी की सजा पाने वाले महिला को 30 ग्राम हेरोइन रखने का दोषी पाया गया था। जिसके लिए सिंगापुर में मौत की सजा का प्रावधान है। 45 वर्षीय दोषी महिला को हेरोइन की तस्करी के लिए 2018 में दोषी ठहराया गया था।

### डोनाल्ड ट्रंप को हो सकती है 20 साल की जेल!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, उन पर



क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट मामले में तीसरा आरोप लगा है। डोनाल्ड ट्रंप पर गुरुवार (27 जुलाई) रात फेडरल कोर्ट की तरफ से तीसरा आरोप लगाया गया। आरोप है कि उन्होंने सीक्रेट डॉक्यूमेंट जांच में परेशानी पैदा करने के कोशिश की। इसके लिए उन्होंने 2022 की गर्मियों के दौरान फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को डिलीट कर दिया। रिकॉर्ड को वापस करने की मांग कर रहे थे।

जी20 की पर्यावरण एवं जलवायु टिकाऊ पर मंत्री बैठक में बोले पीएम मोदी

# धरती मां का संरक्षण और उसकी देखभाल हमारी बुनियादी जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने जलवायु प्रतिबद्धता को तेजी से पूरा किया है। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट एक्शन का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास के लिए सुनिश्चित हो। जी20 मंत्री समूह प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक प्रभावी अंतरराष्ट्रीय कानूनी बनाएं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रकृति हमें केवल देती है, हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उसको कुछ दें। ऐसे में धरती मां का संरक्षण और उसकी देखभाल हमारी बुनियादी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से जी20 की पर्यावरण एवं जलवायु टिकाऊ पर मंत्री स्तरीय बैठक में दिए गए संबोधन के दौरान यह आह्वान किया। पीएम ने कहा कि क्लाइमेट एक्शन को अंत्योदय का अनुसरण करना चाहिए। इसका अर्थ है कि हमें इस बात को सुनिश्चित करना चाहिए समाज के आखिरी व्यक्ति का उत्थान और विकास सुनिश्चित हो। वैश्विक दक्षिण से जुड़े देशों का जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित है। हमें संयुक्त राष्ट्र जलवायु कन्वेंशन और पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में तेजी लानी चाहिए। इससे वैश्विक दक्षिण के देश अपनी विकास से जुड़ी आकांक्षाओं को जलवायु अनुरूप पूरा कर सकते हैं।

**खास बातें**

- वैश्विक दक्षिण देश जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित
- अक्षय ऊर्जा में भारत दुनिया के पांच शीर्ष देशों में
- प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं



### भारत ने जलवायु प्रतिबद्धता को तेजी से किया पूरा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने अपनी जलवायु प्रतिबद्धता को तेजी से पूरा किया है। आज भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता के आधार पर दुनिया के पांच शीर्ष देशों में है। साथ ही अमृत सरोवर के माध्यम से हम वर्षा जल संचयन का काम कर रहे हैं। इसके तहत केवल एक साल में 63 हजार जलाशयों का निर्माण हुआ है।

### नदियां कभी जल नहीं पीतीं, वृक्ष फल नहीं खाते

पीएम ने कहा कि भारत की परंपरागत सीख यही रही है कि नदियां कभी अपना जल नहीं पीतीं और वृक्ष कभी अपना फल नहीं खाते। साथ ही बादल जो वर्षा करते हैं वह भी उस से उत्पन्न होने वाले अनाज को नहीं खाते। प्रकृति हमें केवल देती है। ऐसे में हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उसको कुछ दें। उन्होंने कहा, मैं एक टिकाऊ और लचीली नीली और महासागर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जी20 के उच्च स्तरीय सिद्धांतों को अपनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि जी20 प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक प्रभावी अंतरराष्ट्रीय कानूनी बनाए और प्लास्टिक को समाप्त करने के लिए रचनात्मक काम करे। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान में यह जिम्मेदारी जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में हमें अपने कर्तव्यों का ध्यान कराती है। इन कर्तव्यों को हम काफी लंबे समय से नजरअंदाज करते आए हैं। पीएम मोदी ने इतिहास और संस्कृति से समृद्ध शहर चेन्नई में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा मुझे आशा है कि आपको यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल मामल्लापुरम को देखने के लिए कुछ समय मिलेगा।

### भारत ऊर्जा क्षमता में दुनिया के शीर्ष 5 देशों में से एक

पीएम ने कहा कि भारत ने हाल ही में हमारे ग्रह पर 7 बिग कैट एलायंस के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस लॉन्च किया है। यह एक अग्रणी संरक्षण पहल, प्रोजेक्ट टाइगर से मिली हमारी सीख पर आधारित है। प्रोजेक्ट टाइगर के परिणामस्वरूप, दुनिया के 70% बाघ भारत में पाए जाते हैं। प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट डॉल्फिन पर भी काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, आज भारत स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया के शीर्ष 5 देशों में से एक है। हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, सीडीआरआई और उद्योग परिवर्तन के लिए नेतृत्व समूह सहित अपने गठबंधन के माध्यम से अपने सहयोगियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।

सैन्य सहयोग पर गठित उप समिति की 10 वीं बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# भारत-मलेशिया के बीच मजबूत होगा सैन्य-सामरिक सहयोग



◆ 12वीं मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की बैठक सितंबर में होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की एकाधिकार स्थापित करने की कोशिशों के बीच भारत और मलेशिया के बीच शुक्रवार को सैन्य सहयोग पर गठित की गई उप समिति की 10वीं बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच वर्तमान रक्षा सहयोग की समीक्षा के अलावा पारस्परिक हितों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस चर्चा के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और अधिक विस्तार देने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक अवसरों का पता लगाया। भारतीय पक्ष ने पोत निर्माण और रखरखाव योजनाओं में मलेशियाई सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने की क्षमता, योग्यता के साथ भारतीय रक्षा उद्योग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद ने किया। मलेशियाई पक्ष की अगुवाई वहां के रक्षा संचालन और प्रशिक्षण विभाग के उप चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल दातो खैरुल अनुआर बिन अब्द अजीज ने किया। इसके अलावा 12वीं मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति के संभावित परिणामों पर भी चर्चा की। जो कि इस साल सितंबर महीने में भारत के रक्षा सचिव के स्तर पर आयोजित की जाएगी।

### सामरिक साझेदारी को लेकर जताई प्रतिबद्धता

मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने अपनी चर्चा के दौरान आपसी विश्वास, समझ, सामान्य हितों तथा लोकतंत्र, कानून के शासन के साझा मूल्यों के आधार पर उन्नत सामरिक साझेदारी को पूरी तरह से लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की एक बार फिर से पुष्टि की। बताते चलें कि भारत ने मलेशिया के साथ उन्नत रणनीतिक साझेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2015 में मलेशिया यात्रा के दौरान स्थापित की थी।

आईएमएफ की भारत से गुहार

# चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय पर विचार करें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत सरकार द्वारा गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में चावल की खरीद के लिए अफरा-तफरी का माहौल है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएफएम) ने भारत से आग्रह किया कि वो गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दे। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिबंधों से दुनिया के बाकी देशों में खाद्य कीमतों में अस्थिरता बढ़ने की संभावना है।

### आईएमएफ पाकिस्तान को कर्ज नहीं देगा



पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नेता और विशेषज्ञ साजिद तरार ने कहा है कि मैं गारंटी के साथ कहता हूं भारत की इजाजत के बिना आईएमएफ पाकिस्तान को कर्ज नहीं देगा। उन्होंने कहा कि आईएमएफ लगातार पाकिस्तान के सामने कड़े शर्त रख रहा है।

### घरेलू आपूर्ति के लिए भारत ने लगाया निर्यात पर प्रतिबंध

भारत सरकार ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए 20 जुलाई को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था।

दुनिया का पहला सुपरसोनिक विमान एक्स-59 है तैयार

# दो घंटे में दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचा जा सकेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुनिया का पहला ऐसाविमान तैयार है जो पृथ्वी पर किन्हीं दो बिंदुओं के बीच लगभग 2 घंटे में यात्रा कर सकता है। सुनने में हैरान करने वाली इस बात को नासा ने पूरी कर दिखाया है। नासा ने एक्स-59 नाम से दुनिया का ऐसा पहला सुपरसोनिक विमान बनाया है, दुनिया के दो कोनों के बीच की दूरी महज 2 घंटे में पूरी कर सकता है। नासा का यह विमान जल्द ही अपनी प्रायोगिक उड़ान भरने को पूरी तरह से तैयार है। नासा के लिए एक्स-59 क्वाइट नाम के इस सुपरसोनिक टेक्नोलॉजी विमान को बनाने का काम पूरा किया है अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने। सुपरसोनिक विमान एक्स-59 को 'सन ऑफ कॉनकॉर्ड' कहा जा रहा है।

### बीस साल पहले लॉन्च हुआ था कॉनकार्ड



गौरतलब है कि बीस साल पहले दुनिया का पहला 'सुपरसोनिक विमान कॉनकार्ड' लॉन्च किया गया था, जो 3 घंटे से भी कम समय में न्यूयॉर्क से लंदन जा सकता था। तब इस सुपरसोनिक विमान की गति 2172 किलोमीटर प्रति घंटे था। लेकिन 2000 में एक हाई प्रोफाइल हादसे के बाद इसके संचालन पर रोक लगा दी गई।

**सुपरसोनिक फ्लाइट्स पर काम कर रही स्पेसएक्स**

*एलन मस्क जैसे तमाम बिजनेसमैन सुपरसोनिक फ्लाइट्स पर काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि 2020 में एलन मस्क की कम्पनी स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप रॉकेट की योजना का खुलासा किया था। तब कहा गया था कि यह विमान एक घंटे से भी कम समय में 100 यात्रियों को एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक ले जाने में सक्षम होगा।*

जापान के विदेश मंत्री की मौजूदगी में जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान पर साधा निशाना

# लचीले, खुले विचारों वाले क्वाड का नया तरीका ही तय करेगा अहम रिश्तों का भविष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए 'दूसरे भारत और जापान फोरम-2023' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान पर अपने चिरपरिचित अंदाज में निशाना साधा। जिसमें क्वाड के सबसे बड़े आलोचक चीन को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक लचीला और खुले दिमाग से काम करने का नया तरीका ही महत्वपूर्ण रिश्तों का भविष्य तय करेगा। क्वाड के भविष्य के लिए मैं बहुत आशावादी हूं। इसकी हर बैठक एजेंडे पर निर्भर होती है, हमें काम करने के लिए मुद्दे देती है। हम 1945-50 जैसे गठबंधनों के साथ नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा, हर छह महीने में लोग क्वाड को मृत बताते हैं। लेकिन हर बार जब इसका पुनर्जन्म हुआ तो ये और अधिक मजबूत हुआ है, इसके मुद्दे बहुत ही व्यावहारिक हैं।

आतंकवाद से मुकाबले में समस्या के कारणों के साथ-साथ इसकी जड़ों वाले देशों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



### भारत के आधुनिकीकरण का प्राकृतिक भागीदार है जापान

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने जापान को भारत के आधुनिकीकरण का प्राकृतिक भागीदार और कई क्रांतियों का जनक बताते हुए कहा कि जापान का कई मायनों में भारत पर बहुत प्रभाव पड़ा है। यह एक ऐसा देश है जिसने इतिहास में बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा अर्जित की है। वर्तमान में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम बहुत बड़े आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहे हैं। जिससे भारत आत्मनिर्भर बनेगा। जापान इसमें एक प्राकृतिक भागीदार है और उसका देश में हुई कई क्रांतियों में

**छह बिंदुओं में बताई भारत-जापान की भागीदारी**

उन्होंने छह बिंदुओं के साथ भारत और जापान की भागीदारी को स्पष्ट किया। इसमें सबसे पहले उन्होंने जापान की भारत और एशिया के आधुनिकीकरण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। दूसरे बिंदु में जापान के भारत पर पड़े प्रभावों के बारे में बताया, तीसरे में विदेश नीति, चौथे में हिंद-प्रशांत और क्वाड, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का ऑर्डर और अंतिम छठे में दोनों देशों के लोगों के लोगों से संबंध का जयशंकर ने उल्लेख किया।

### आतंकवाद पर पाक को कड़ा संदेश

फोरम में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए जयशंकर ने अपने जापानी समकक्ष योशिमासा हयाशी की मौजूदगी में कहा कि इस समस्या का मुकाबला करने के लिए दोनों देशों को एकजुट होना पड़ेगा और इसके मुख्य कारणों के बजाय आतंकवाद की जड़ों से जुड़े हुए देशों की ओर ध्यान केंद्रित किए जाने की आवश्यकता है। जापान के विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-जापान जैसे एक जैसी सोच वाले देशों को आतंकवाद से मुकाबले के विषय को शीर्ष प्राथमिकता पर रखना चाहिए। वहीं सवाल-जवाब सत्र में जयशंकर ने कहा कि दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें आतंकवाद, मिसाइल परमाणु प्रसार शामिल हैं। लेकिन इसमें जरूरी ये है कि हम इनके कारणों के साथ-साथ इनकी जड़ों से जुड़े हुए देशों पर ध्यान केंद्रित करें। इस दौरान जापानी विदेश मंत्री ने भी आतंकवाद की चुनौती पर अपनी सहमति प्रकट की। जापान ने 2023 को जापान-इंडिया टूरिज्म एक्सचेंज ईयर घोषित किया है।

आरबीआई ने दी जानकारी

# फ्रांस, दुबई, सिंगापुर समेत 17 देशों में फैला यूपीआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस, दुबई सिंगापुर समेत 17 देशों में भी भारतीय यूपीआई के इस्तेमाल को मंजूरी मिल गई है। आरबीआई के अनुसार



यू पी आ ई इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। डिजिटल पेमेंट में मार्च में 13.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आने वाले 5 साल में अकेले भारत में यूपीआई से होने वाली पेमेंट 90 फीसदी का आंकड़ा भी क्रॉस कर जाएंगी। इससे न सिर्फ डिजिटल पेमेंट का ट्रेंड बढ़ेगा बल्कि अर्थव्यवस्था को भी काफी फायदा होगा।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com